CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186
राजस्थान,दिल्ली,छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित
RNI NO. RAJHIN/2023/89729

# दैनिक मरुधर विशेष



Marudharvishesh@gmail.com
मो. 9653906665
अंक 02/95 | जयपुर | 24 अप्रैल /2025 | गुरुवार | मूल्य: रु. 5 | पृष्ठ: 04

## वेंस फैमली सिटी पैलेस देखे बिना जाएगी अमेरिका

### एन वक्त पर कार्यक्रम हुआ रद्द



एजेंसी

**जयपुर।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस सपरिवार चार दिन की भारत यात्रा पर हैं. बुधवार को उन्हें जयपुर के सिटी पैलेस जाना था. पीआईबी से मिली जानकारी के अनुसार, यह दौरा रद्द कर दिया गया है. आधिकारिक तौर पर दौरा रद्द करने का कोई कारण नहीं बताया गया है, लेकिन माना जा रहा है कि पहलगाम आतंकी हमले की वजह से यह फैसला लिया गया। सिटी पैलेस में था लंच का कार्यक्रमः वेंस आगरा घूमकर सीधे जयपुर स्थित रामबाग होटल पहुंचे, जहां वे ठहरे हुए हैं. उनका बुधवार दोपहर ढाई बजे सिटी पैलेस घूमने का कार्यक्रम था. सिटी पैलेस जयपुर के पूर्व राजपरिवार का निवास स्थान भी है. यहां म्यूजियम भी है, जिसे देखने के लिए देश-दुनिया से काफी पर्यटक आते हैं. डिप्टी सीएम दीया कुमारी भी सिटी पैलेस में ही रहती हैं। कार्यक्रम के अनुसार वैंस को सिटी पैलेस में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, वाणिज्य मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के साथ बैठक भी करनी थी, लेकिन इसे भी रद्द कर दिया गया है. यहीं पर वे दोपहर का लंच भी करने वाले थे. हालांकि दौरा कैंसिल होने की वजह से उन्होंने रामबाग पैलेस में ही लंच किया और 24 अप्रैल की सुबह 6:30 बजे विशेष विमान से वाशिंगटन डीसी के लिए रवाना हो जाएंगे।

### रद्द हो गई सांस्कृतिक संध्या

अमेरिकी उपराष्ट्रपति के स्वागत में राजस्थानी रंगों से सजी सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी रद्द कर दिया गया है. पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद देश भर में व्याप्त शोक की लहर के बीच, आयोजकों की ओर से इस बारे में जानकारी दी गई।

# पहलगाम हमला : नाम के साथ तीन आतंकियों के स्केच जारी, जनता से सुराग देने की अपील

## सुरक्षा बलों ने कई लोगों को हिरासत में लिया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुरक्षा और इंटेलिजेंस एजेंसियों ने पहलगाम अटैक के संदिग्ध आतंकियों के स्केच जारी किए हैं। इनके नाम आसिफ फौजी, सुलेमान शाह और अबु तल्हा बताए गए हैं। इंटेलिजेंस सूत्रों ने बताया कि हमले का मास्टर माइंड लश्कर-ए तैयबा का डिप्टी चीफ सैफुल्लाह खालिद है, जो पाकिस्तान में मौजूद है। इधर, नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी भी जांच के लिए पहलगाम पहुंच गई है। शुरुआती जांच में पता चला है कि हमले में 5 आतंकी शामिल थे। इनमें से दो लोकल और 3 पाकिस्तानी आतंकी थे। पुलिस ने पूछताछ के लिए सैकड़ों लोगों को हिरासत में लिया है।

हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के प्रॉक्सी विंग द रजिस्टेंस फ्रंट (टीआरई) ने ली है। इस बीच, पाकिस्तान के डिफेंस मिनिस्टर ख्वाजा आसिफ ने कहा कि इस हमले में हमारा कोई हाथ नहीं है। सुरक्षा मामलों पर कैबिनेट की बैठक प्रधानमंत्री आवास में जारी है। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ, एनएसए अजित डोभाल मौजूद हैं।

### जांच में खुलासा : पहलगाम हमले में 2 लोकल, 3 पाकिस्तानी आतंकी शामिल



**हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के प्रॉक्सी विंग द रजिस्टेंस फ्रंट ने ली है**

पहलगाम में मंगलवार दोपहर हुए आतंकवादी हमले में 27 लोगों की मौत हो गई। 20 से ज्यादा लोग घायल हैं। हमला उस वक्त किया गया, जब बैसरन घाटी में बड़ी तादाद में पर्यटक मौजूद थे। मृतकों में यूपी, गुजरात, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और ओडिशा के पर्यटक हैं। नेपाल और यूएई के एक-एक टूरिस्ट और 2 स्थानीय भी मारे गए।

### 4 संदिग्ध आतंकियों की तस्वीर वायरल, आधिकारिक पुष्टि नहीं

सोशल मीडिया पर एक तस्वीर वायरल हो रही है। बताया जा रहा है कि यह पहलगाम में हमला करने वाले 4 आतंकवादियों की तस्वीर है।

हालांकि, अभी सेना या सुरक्षा एजेंसियों की तरफ से तस्वीर नहीं जारी की गई है सिर्फ संदिग्ध आतंकियों के स्केच जारी किए गए हैं।

## पहलगाम आतंकी हमले में जयपुर के सीए की मौत

### यूएई में जॉब करते थे, मां बोलीं- आतंकवादियों को ऑन द स्पॉट मारो

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में जयपुर का युवक भी मारा गया। बुधवार रात 8.15 बजे इंडिगो फ्लाइट संख्या 6ई2042 से उनका शव जयपुर लाया गया। अंतिम संस्कार गुरुवार सुबह नौ बजे किया जाएगा।

मॉडल टाउन (मालवीय नगर) स्थित फॉरेस्ट व्यू रेजीडेंसी के रहने वाले नीरज उधवानी (33) पत्नी के साथ कश्मीर घूमने गए थे। कश्मीर से पत्नी आयुषी ने जेठ को फोन कर कहा था- नीरज को गोली लग गई है। नीरज यूएई में सीए थे। वहां से किसी की शादी अटेंड करने



पत्नी के साथ शिमला गए थे। वहीं से दो-तीन दिनों का समय लेकर कश्मीर घूमने चले गए थे। फरवरी 2023 में पुष्कर के भंवर सिंह पैलेस में आयुषी से नीरज की शादी हुई थी। बड़े भाई किशोर उधवानी और उनकी पत्नी इनकम टैक्स इंस्पेक्टर हैं। घटना के समय पत्नी भी नीरज के साथ थी। नीरज के चाचा दिनेश उधवानी ने बताया- दुबई में नीरज जॉब करता है। तीन महीने पहले मंकर संक्रांति पर छुट्टियों में नीरज जयपुर आए थे। नीरज पत्नी आयुषी के साथ दुबई से शिमला शादी अटेंड करने गए थे। वहां से कश्मीर घूमने चले गए थे, जहां आतंकी हमले के शिकार हो गए।

## अमित शाह ने मृतकों को श्रद्धांजलि दी



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह श्रीनगर में पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद शाह बैसरन घाटी पहुंचे। यहां उन्होंने हमले के पीड़ितों से बातचीत की और अधिकारियों से जानकारी ली। उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब का दो दिन दौरा छोड़ बुधवार सुबह भारत लौट आए हैं। वे सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक करेंगे।

## आर्मी को टेररिस्ट समझ रोने लगे पर्यटक

### महिला बोली- बच्चे को कुछ मत करना, फौजी ने दिलाया भरोसा

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार दोपहर करीब 2.45 बजे आतंकियों ने फायरिंग की। बैसरन घाटी घूमने आए पर्यटकों को निशाना बनाया गया। फायरिंग में 27 लोगों की मौत हुई, कई लोग घायल हुए। पुलवामा के बाद ये अब तक का सबसे बड़ा आतंकी हमला माना जा रहा है। हमले के बाद जब आर्मी के जवान बैसरन घाटी पहुंचे तो महिलाओं-बच्चों ने उन्हें आतंकवादी समझ लिया, क्योंकि फायरिंग करने वाले आतंकवादी भी फौजियों की वर्दी में थे। इसके बाद जवानों ने उन्हें समझाया कि हम इंडियन आर्मी हैं।

## भीलवाड़ा में डायरेक्टर अनुराग कश्यप के खिलाफ शिकायत

भीलवाड़ा

अनुराग कश्यप के ब्राह्मण समाज पर दिए विवादित बयान पर जयपुर में एफ़आईआर होने के बाद अब भीलवाड़ा में भी एडिशनल एसपी पारस जैन को शिकायत दी गई है। एडवोकेट शरद शुक्ला की ओर से दी शिकायत में लिखा है कि कश्यप से बयान से ब्राह्मण समाज के प्रति उनकी नफरत साफ नजर आती है। इस प्रकार का कमेंट समाज में जातीय सौहार्द को बिगाड़ने वाला है। यह लोक शांति में विघ्न डालता है। कश्यप ने मेरी और पूरे ब्राह्मण समाज की धार्मिक भावनाएं आहत करने के लिए कमेंट या ट्वीट किया है।

बता दें कि मामले को लेकर अनुराग कश्यप माफी मांग चुके हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा था- किसी एक को जवाब देने में मैं अपनी मर्यादा भूल गया था। दरअसल, समाज सुधारक ज्योतिबा फुले पर बनी फिल्म से जुड़े विवाद में कश्यप ने ब्राह्मणों के बारे में अपमानजनक बात कही थी। उनके बयान के बाद दिल्ली, मुंबई, इंदौर और जयपुर समेत कई शहरों में शिकायतें और एफ़आईआर दर्ज हुई थीं।

### मामले को लेकर एडवोकेट शरद शुक्ला ने बताया-

20 अप्रैल को मेरे मोबाइल में फेसबुक खोलने पर उसमे अनुराग कश्यप के ट्वीट का फोटो देखा, इसके बाद एक्स पर इस ट्वीट को देखा जिसमें में अनुराग ने ब्राह्मण समाज के लिए अमर्यादित कमेंट व ट्वीट किए, जिनसे मेरी व पूरे ब्राह्मण समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई है।

### विश्व शांति में विघ्न डालने वाला बयान

शुक्ला ने बताया- इस प्रकार का कमेंट हमारे समाज में विभिन्न समाजों के बीच जातीय सौहार्द के विरूद्ध प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला है। और जो लोक शांति में विघ्न डालता है। मेरी व पूरे ब्राह्मण समाज की धार्मिक भावनाएं आहत करने के लिए कमेंट किया है। इन शब्दों से इसकी ब्राह्मण समाज के प्रति नफरत साफ नजर आती है। समाज में जातियों के बीच एवं वैमनस्य फैलाने के लिए कमेंट लिखा गया है। एडिशनल एसपी पारस जैन ने परिवाद दर्ज करने के लिए पुलिस थाना कोतवाली को भेजा जहां पर 22 अप्रैल को शिकायत दर्ज की गई है।

### फिल्म 'फुले' को लेकर विवाद खड़ा हुआ

फिल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप की फिल्म 'फुले' को लेकर विवाद खड़ा हुआ है। 25 अप्रैल को फिल्म फुले रिलीज होने वाली है। फिल्म समाज सुधारक दंपती ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले के जीवन पर आधारित है। फिल्म के रिलीज होने से पहले ही जातिवाद को बढ़ावा देने का आरोप लग रहा है।

सेंसर बोर्ड की ओर से भी फिल्म में कुछ बदलावों की मांग की गई थी। इस पर फिल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप की ओर से नाराजगी जाहिर करते हुए सोशल मीडिया पर विवादित बयान पोस्ट किया था। जाति-विशेष को लेकर फिल्म डायरेक्टर के बयान के बाद देशभर में बवाल मच गया। दरअसल, 'फुले' फिल्म पर कॉन्ट्रोवर्सी चल रही है। इसकी रिलीज में देरी और सीबीएफ़सी के बदलावों से परेशान होकर अनुराग ने केंद्र सरकार, ब्राह्मण समुदाय और सेंसर बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन पर कई सवाल उठाए थे।

# इंजीनियर्स पॉइंट स्कूल खैरथल ने शिक्षा के क्षेत्र में रचा नया इतिहास, होनहार विद्यार्थी जितेंद्र कुमार बना आईएएस

## खैरथल जाटव समाज के लोगों ने होनहार बेटे जितेंद्र कुमार का किया भव्य सम्मान स्वागत

### पिता ने अपने बेटे - बेटियों को पढ़ा लिखा कर आगे बढ़ाया, बेटा बना आईएएस, एक नर्सिंग ऑफिसर, बेटी बैंक मैनेजर, दूसरी बेटी गृह मंत्रालय में है पोस्टेड







मरुधर विशेष

**मोहम्मद शकील/विजय सिंह खैरथल।** इंजीनियर्स पॉइंट स्कूल खैरथल के होनहार विद्यार्थी जितेंद्र कुमार पुत्र सुरेंद्र कुमार ने यूपीएससी परीक्षा में 376वीं रैंक हासिल कर विद्यालय सहित अपने माता-पिता गांव एवं अपने जिले का नाम रोशन कर दिया है। जिसको लेकर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है,खैरथल जाटव समाज के लोगों द्वारा अम्बेडकर सर्किल पर होनहार बेटा जितेंद्र कुमार पुत्र सुरेंद्र कुमार का भव्य सम्मान स्वागत किया गया। शहर के समीपवर्ती छोटे से गांव मातौर निवासी आजाद चौधरी ने खैरथल शहर में इंजीनियर्स पॉइंट स्कूल संचालित कर और अनुभवी शिक्षकों की टीम के साथ मिलकर शिक्षा के क्षेत्र में एक के बाद एक नया इतिहास रचते हुए खैरथल को शिक्षा का हब बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज इंजीनियर्स पॉइंट स्कूल के होनहार विद्यार्थी देश - विदेश में सफलता का परचम लहरा रहे हैं। खैरथल शहर के पास स्थित छोटे से गांव सिवाना निवासी होनहार विद्यार्थी जितेंद्र कुमार पुत्र सुरेंद्र कुमार ने यूपीएससी परीक्षा में 376वीं रैंक हासिल कर विद्यालय सहित अपने माता-पिता एवं अपने जिले का नाम रोशन किया है। पत्रकार वार्ता के दौरान होनहार विद्यार्थी जितेंद्र कुमार ने बताया कि उन्होंने सिवाना रोड़ पर स्थित इंजीनियर्स पॉइंट स्कूल खैरथल में कक्षा ग्यारहवीं में एडमिशन लेकर अपनी पढ़ाई शुरू की थी और संस्था निदेशक आजाद चौधरी और अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन से कक्षा 12वीं भी इंजीनियर्स पॉइंट स्कूल से उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने आईआईआईटी इलाहाबाद से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की। उसके बाद कुछ समय बड़ी कंपनी में जॉब भी किया। जितेंद्र ने सपना तो आईएएस अफसर बनने का देखा था। उन्होंने बैंगलोर से जॉब छोड़कर फिर अपने आईएएस अफसर बनने के सपने को साकार करने में काफी मेहनत की और अपने पहले ही प्रयास में वो कर दिखाया जिसके सपने देखे थे उन्होंने यूपीएससी परीक्षा में 376वीं रैंक हासिल कर इंजीनियर्स पॉइंट स्कूल परिवार सहित अपने माता-पिता गांव एवं जिले का नाम रोशन किया है। क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। होनहार जितेंद्र कुमार की माताजी सिवाना में एएनएम के पद पर हैं। पिताजी परचून की दुकान चलाते थे, जितेंद्र मूलरूप से सिवाना के रहने वाले है। यूपीएससी (आईएएस) परीक्षा में 376वीं रैंक हासिल कर बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जितेंद्र कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय इंजीनियर्स पॉइंट स्कूल के डायरेक्टर आजाद चौधरी और अपने माता-पिता को दिया है।बुधवार को खैरथल जाटव समाज के लोगों द्वारा अम्बेडकर सर्किल पर आईएएस बने गांव सिवाना के जितेंद्र कुमार व उनके माता - पिता को फूल माला व साफा बांधकर और आतिशबाजीकर भव्य सम्मान स्वागत किया गया। इस दौरान जाटव समाज के सैंकड़ों महिलाओं सहित समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर आईएएस बने जितेंद्र कुमार ने बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प माला पहनाकर नमन किया। इस उपलब्धि को लेकर ई.पी. स्कूल परिवार सहित जाटव समाज व सर्वसमाज में खुशी का माहौल है।

### जितेंद्र की सफलता पर परिवार सहित जाटव समाज और ग्रामवासियों ने जताया हर्ष

ग्रामीण क्षेत्र में भी अब शिक्षा का धीरे-धीरे प्रचार-प्रसार हो रहा हैं, साथ ही बेटियां भी अब पढ़ लिखकर आगे बढ़ रही हैं, सफलता प्राप्त कर जितेंद्र कुमार ने पूरे गांव में इसका उदाहरण स्थापित किया है। इसको लेकर परिवार सहित जाटव समाज और ग्रामवासियों ने हर्ष जताया है।

### आईएएस के सम्मान स्वागत में ये रहे मौजूद

मौके पर जाटव समाज खैरथल अध्यक्ष रामबाबू जाटव, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र रसगोन,सरपंच श्रीमती सीमा देवी ग्राम पंचायत झिरन्डिया, सरपंच प्रतिनिधि अशोक कुमार, दौलत नागर, मनोज कुमार बुराड़िया पार्षद,कमलेश साईं मोबाइल, बदलू राम, गंगाराम, किशन लाल पार्षद, प्रतियाराम अध्यापक, मनोहर अध्यापक, विजय एमपीएस, सरपंच उदयभान, हीरालाल रेगड़िया, कंवर सिंह घाटला, पहलाद पंच, रतिराम डांगी रसगन वाले सहित समाज के सैकड़ों लोगों मौजूद रहे।

### पिता ने अपने बेटे - बेटियो को पढ़ा लिखा कर आगे बढ़ाया, नौकरी में चारों को मिली सफलता

जितेंद्र के पिता सुरेन्द्र गांव में ही परचून की चलाते थे दुकान, पिता सुरेन्द्र शिक्षा का महत्व जानते थे इसलिए उन्होंने अपने बेटे - बेटियो को पढ़ा लिखा कर आगे बढ़ाया और आज उनकी बड़ी बेटी वर्षा गृह मंत्रालय दिल्ली में पोस्टेड है, छोटी बेटी ज्योति बैंक ऑफ बड़ौदा अलवर में पोस्टेड है, छोटा बेटा विकास उर्फ विक्की भी नर्सिंग ऑफिसर दिल्ली में अपनी सेवाएं दे रहा है, अब बेटे जितेंद्र कुमार ने भी यूपीएससी में 376 वीं रैंक हासिल कर आईएएस बनकर सफलता हासिल कर ली है। सफलता से पिता सुरेन्द्र का सीना गर्व से ऊंचा हो गया।

## बिना आरएएस से आईएएस प्रमोशन मामला : आरएएस एसोसिएशन ने जमा कराया 2 लाख का जुर्माना

एजेंसी

**जयपुर।** आरएएस एसोसिएशन ने हाईकोर्ट द्वारा लगाई गई जुर्माना राशि जमा करा दी हैं। अदालती आदेश के अनुसार एसोसिएशन ने राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (रालसा) में 2 लाख का जुर्माना जमा कराया। जिसकी रसीद एसोसिएशन की ओर से अदालत में पेश की गई। जिसके बाद हाईकोर्ट ने एसोसिएशन के प्रार्थना पत्र को निस्तारित कर दिया।

दरअसल, नॉन आरएएस से आईएएस में प्रमोशन से जुड़े मामले में हाईकोर्ट ने आरएएस एसोसिएशन की याचिका को खारिज करते हुए उस पर 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया था। इसके खिलाफ एसोसिएशन ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने जुर्माना राशि को कम करते हुए उसे 2 लाख रुपए कर दिया था।

## कठूमर थाना पुलिस ने तीन वारंटी सहित नौ आरोपी किये गिरफ्तार

मरुधर विशेष

**दिनेश लेखी** कठूमर। थाना पुलिस ने ग्राम सौंख में मंगलवार रात्रि को आपस में झगड़ा करते हुए 6 व्यक्तियों को धारा 170 बीएनएसएस में गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी महेश तिवारी ने बताया कि सौंख गांव में दो पक्षों पुलिस चौकी टीकरी पर आपस में झगड़ा करने के आरोप में 6 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। जिसमें जयसिह पुत्र भदई जाति जाटव उम्र 60



साल निवासी सौंख, बिजेन्द्र सिह पुत्र तेजसिह जाति जाटव उम्र 30 साल निवासी सौख, दीपक पुत्र तेजसिह जाति जाटव उम्र 33 साल निवासी सौंख, रघुवीर पुत्र रेवती जाति जाटव उम्र 22 साल निवासी सौंख, साहब सिह पुत्र रेवती जाति जाटव उम्र 25 साल निवासी सौख, मानसिह पुत्र रेवती जाति जाटव उम्र 40 साल निवासी सौंख गिरफ्तार कर उपखंड मजिस्ट्रेट कठूमर के समक्ष पेश किया और सभी को जमानत पर छोड दिया।

इधर थाना पुलिस ने एसीजेम न्यायालय कठूमर के आदेश अनुसार वारंटी खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन वारंटी को गिरफ्तार किया, रतनसिंह पुत्र घनश्याम जाति जाटव उम्र 33 साल निवासी सौंख, धर्मवीर पुत्र सूसाराम जाति जाटव उम्र 48 साल निवासी सौंख, हुकमसिंह पुत्र नत्थीराम जाति जाटव उम्र 57 साल निवासी पिसई को गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया न्यायिक मजिस्ट्रेट ने जमानत पर छोड़ दिया।

# पहलगाम में मजहबी आतंक का सबसे बर्बर चेहरा



ललित गर्ग

**आतंक से जो जन्मती है, वह संस्कृति नहीं होती है, उसमें पाशविकता होती है, उसमें जानवर विद्यमान होते हैं। ऐसे व्यक्ति, संगठन एवं देश किसी के प्रिय नहीं हो सकते, वे मानवता को त्राण नहीं, संत्रास देते हैं। लगातार हो रहे इन हमलों के बाद भी हिन्दू समुदाय शांति और करुणा की ही बात करता आया है। पर एक बड़ा सवाल ये है कि आखिर कब तक यह सिलसिला चलेगा?**

जम्मू-कश्मीर में स्थित पहलगाम, जिसे □□मिनी स्विट्जरलैंड□□के नाम से जाना जाता है, मंगलवार को एक भीषण, दर्दनाक एवं अमानवीय आतंकी हमले का गवाह बना, एक बार फिर जिहादी आतंक का घिनौना-बर्बर चेहरा दिखा। आतंकियों ने पहलगाम में निर्दोष-निहत्थे पर्यटकों की जिस तरह पहचान पता करके गोलियां बरसाईं, उससे यही पता चलता है कि वे केवल खौफ ही नहीं पैदा करना चाहते थे, बल्कि बड़ी संख्या में लोगों का खून बहाकर दुनिया का ध्यान भी खींचना चाहते थे। यह आतंकवाद एवं सांप्रदायिक घृणा का अब तक का सबसे घिनौना एवं बर्बर हमला एवं चेहरा है, जिसमें हिन्दू सुनकर चलाई गोलियां। जो पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के मूल एजेंडे का हिस्सा है। इस जघन्य एवं त्रासद घटना में निर्दोष पर्यटकों को तब मौत की गहरी नींद सुलाया गया, जब अमेरिकी उपराष्ट्रपति भारत में हैं और भारतीय प्रधानमंत्री सऊदी अरब में। इस हमले ने यह प्रकट किया कि कश्मीर में बचे-खुचे आतंकी किसी भी सीमा तक गिरने पर आमादा हैं। आतंकियों ने उन पर्यटकों को निशाना बनाया, जो कश्मीरियों की रोजी-रोटी को ही सहारा देने कश्मीर गए थे। यह हमला इतना वीभत्स था कि उसने हर संवेदनशील दिल को झकझोर कर रख दिया। आतंकियों ने नृशंसता की सारी सीमाएं पार करते हुए अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें 28 पर्यटक, जिनमें दो विदेश नागरिक भी थे, की दर्दनाक मौत हो गई।

हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान में स्थित प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने ली है। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि हमलावरों ने दक्षिण कश्मीर के कोकेरनाग से होते हुए किश्तवाड़ के रास्ते बैसरन तक पहुंच बनाई। घटना दोपहर करीब तीन बजे की है, जब बैसरन के घास के मैदान और आसपास के इलाकों में भारी संख्या में पर्यटक मौज-मस्ती कर रहे थे, कुछ खच्चरों की सवारी का आनंद ले रहे थे तो कुछ परिवार पिकनिक मना रहे थे। तभी घात लगाए बैठे आतंकियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इस घटना के लिये सीधे तौर पर पाकिस्तान जिम्मेदार है। इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि चंद दिन पहले ही पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष आसिम मुनीर ने किसी जिहादी की तरह हिंदुओं और भारत के खिलाफ अपनी घृणा का भद्दा प्रदर्शन किया था। अबू मूसा का वह भाषण और उसके तुरंत बाद हुआ पहलगाम नरसंहर दशार्ता है कि पीओके में बैठे आतंकी सरगना न केवल भारत विरोधी जहरीला प्रचार फैला रहे हैं, बल्कि कश्मीर घाटी की शांति, विकास एवं सौहार्द को बाधित करने की हर कोशिश को सफल बनाने में जुटे हैं। वे आगामी समय में घाटी को फिर से अशांत करने की योजना पर भी काम कर रहे हैं। इस भीषण आतंकी हमले के बाद घाटी में पर्यटन संबंधी कारोबार करीब-करीब ठप पड़ना तय है। आखिर इतनी भयावह घटना के बाद कौन पर्यटक कश्मीर की ओर रुख करेगा?



लम्बे समय की शांति, अमन-चैन एवं खुशहाली के बाद एक बार फिर कश्मीर में अशांति एवं आतंक के बादल मंडराये हैं। धरती के स्वर्ग की आभा पर लगे ग्रहण के बादल छंटने लगे थे कि एक बार फिर पहलगाव में आतंकियों ने पूरे देश में आक्रोश की लहर पैदा करने वाली घटना को अंजाम दिया है। अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद पहली बार कश्मीर में इतना बड़ा आतंकी हमला हुआ है। आतंकियों और उनके समर्थकों को करारा जवाब दिया जाना आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है। पहलगाम में आतंकी हमले की गंभीरता इससे प्रकट होती है कि जहां गृहमंत्री अमित शाह आनन-फानन श्रीनगर के लिए रवाना हुए, वहीं सऊदी अरब गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी यात्रा बीच में छोड़कर दिल्ली आ गये। दिल्ली आते ही एयरपोर्ट पर ही एक मीटिंग की, जिसमें अजित डोभाल से गंभीर मंत्रणा के बाद इस आतंकवादी घटना के खिलाफ एक्शन लेना प्रारंभ कर दिया। मोदी एवं शाह के एक्शन से उम्मीद बंधी है कि इस बार कुछ निर्णायक होगा। पहलगाम की सुंदर घाटी को रक्त रंजित करने के लिये आतंकवाद का जिन्न भले ही निकल आया हो, लेकिन इस बार निर्दोष एवं बेकसूर लोगों का रक्त व्यर्थ नहीं जाना चाहिए। यह हमला पाकिस्तान की बौखलाहट का नतीजा है, उसी के इशारे पर किया गया। यह मानने के पुख्ता एवं पुष्ट कारण हैं कि पाकिस्तान सुलगते बलूचिस्तान से दुनिया का ध्यान हटाना चाहता है और उसे यह रास नहीं आ रहा कि कश्मीर में स्थितियां तेजी से सामान्य होती जा रही हैं। भारत को पाकिस्तान के शैतानी इरादों के प्रति और अधिक सतर्क रहना चाहिए था। वह न पहले भरोसे लायक था और न अब। अब आतंकियों को शह और सहयोग देने वाले पाकिस्तान को निर्णायक रूप से सबक सिखाया जाना ज्यादा जरूरी हो गया है।

तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण आतंकवाद के खिलाफ भारत की एक बड़ी जीत बनी है, जिससे भी पाकिस्तान भयभीत बना। मुंबई सहित देश के अन्य हिस्सों और विशेषतः जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले की पूरी प्लानिंग के पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई व उसकी जमीन पर सक्रिय आतंकवादी संगठनों का हाथ न केवल था, बल्कि आर्थिक एवं अन्य तरह का सहयोग भी शामिल है। पहलगाम की ताजा घटना हो या बार-बार होने वाली आतंकी घटनाएं तमाम सबूत होने के बाद भी पाकिस्तान इन हमले के पीछे अपनी कोई भूमिका होने से इनकार करता रहा है। हालांकि वह आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद और जकी-उर-रहमान लखवी जैसे आतंकवादी सरगनाओं को बचाता भी रहा है। राणा के माध्यम पाकिस्तान का पूरा सच देश एवं दुनिया के सामने आने का डर पाकिस्तान को सता रहा था, तभी उसने इस पहलगाम की घटना को अंजाम दिया। लेकिन अब हद हो गयी। अब एक साथ कई मोर्चें पर आतंकवाद के खिलाफ कमर कसनी होगी, अब भारतीय सुरक्षा एजेंसियों का असली बड़ा काम यहां से शुरू करना होगा। अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सीमा पार यानी पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से लड़ने में भारत का साथ देने का संकल्प एकबार फिर दोहराया है, इसी तरह रूस भी भारत के साथ है। अनेक देशों ने भारत की आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हर तरह से सहयोग का वादा किया है। अब समय आ गया है पाकिस्तान को उसकी जमीन दिखाने एवं उसके विध्वसंक एवं विनाशकारी मनसूंबों को नेस्तनाबूंद करने का।

तीन दशकों से कश्मीर घाटी दोषी और निर्दोषी लोगों के खून की हल्दीघाटी बनी रही है। लेकिन वर्ष 2014 के बाद से, नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से वहां शांति एवं विकास का अपूर्व वातावरण बना है, यही पाकिस्तान को रास नहीं आ रहा है। कश्मीर सहित समूची दुनिया से आतंकवाद को समाप्त करने का नेतृत्व करके मोदी एक और करिश्मा घटित करने को तत्पर होना भी पाकिस्तान के लिये बड़ी चुनौती बना है, पहलगाव जैसी घटनाएं उनके इरादों को कमजोर नहीं, बल्कि बलशाली ही बनाती है। अब कश्मीर में आतंक का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला होना ही चाहिए। दुनिया के शक्तिसंपन्न राष्ट्र भी मंथन करें आतंक रूपी विष और विषमता को समाप्त करने का, शांतिपूर्ण दुनिया निर्मित करने का। अब समय आ गया है कि पाकिस्तान में घूस कर सबक सिखाने का। सर्जिकल अटैक ही पुख्ता जबाव हो सकता है।

आतंक से जो जन्मती है, वह संस्कृति नहीं होती है, उसमें पाशविकता होती है, उसमें जानवर विद्यमान होते हैं। ऐसे व्यक्ति, संगठन एवं देश किसी के प्रिय नहीं हो सकते, वे मानवता को त्राण नहीं, संत्रास देते हैं। लगातार हो रहे इन हमलों के बाद भी हिन्दू समुदाय शांति और करुणा की ही बात करता आया है। पर एक बड़ा सवाल ये है कि आखिर कब तक यह सिलसिला चलेगा? भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। भारत के बढ़ते कदमों को रोकने के लिये पाकिस्तान आतंकी संगठन और आतंक का सहारा ले रही हैं। भारत सरकार की नीति, सशक्त सुरक्षा व्यवस्था, सरकार की सतर्कता के चलते ही पाकिस्तान, वहां के आतंकवादी संगठन एवं आतंकवादी अपने मनसूबों में कामयाब नहीं हो पा रहे हैं। लगातार असफलता से खीझे एवं बौखलाये हुए आतंकी कोई-न-कोई नई और अधिक खौफनाक आतंकी घटना को अंजाम देने में जुटे रहते हैं, हमारी सुरक्षा एजेंसियों को अधिक सतर्कता बरतने की अपेक्षा है।


## ग्राम पंचायत इंदिरा कॉलोनी में आयोजित रात्रि चौपाल में एसडीएम ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



मरूधर विशेष। दिनेश लेखी

**कटूमर।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत इंदिरा कॉलोनी मुख्यालय पर बुधवार को एसडीएम श्याम सुंदर चेतीवाल की अध्यक्षता में राजीव गांधी सेवा केंद्र पर रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों द्वारा अपनी समस्याएं एसडीएम के समक्ष रखी गई तथा समस्याओं का मौके पर निस्तारण हेतु संबंधित ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देशित किया। रात्रि चौपाल के दौरान कई परिवाद दर्ज किए गए। इस दौरान इंदिरा कॉलोनी में सड़क , बिजली, पेयजल समस्या के संबंध में सहित प्रकरण रात्रि चौपाल में एसडीएम के समक्ष प्रस्तुत किए गए जिसमें प्रकरणों के समाधान हेतु मौके पर अधिकारीयों को निर्देश प्रदान किए। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे वृद्ध जन पेंशन योजना, अटल पेंशन योजना, जीवन ज्योति बीमा, विधवा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पालनहार योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, लाडो योजना, वर्मी कंपोस्ट, मिट्टी जांच, किसान उपकरण अनुदान योजना, जल जीवन मिशन, पीएम सूर्यघर योजना, पीएम विश्वकर्म योजना किया के बारे में विस्तार से आवेदन की प्रक्रिया के बारे में बताया। उन्होंने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाएं जैसे तारबंदी योजना, फार्म पॉन्ड योजना, प्याज भंडारण सहित अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर जलदाय विभाग, विद्युत विभाग, कृषि विभाग, सामाजिक सुरक्षा विभाग, मेडिकल विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, पंचायती राज विभाग के साथ अन्य सभी विभाग मौजूद थे।

## बच्चे भविष्य की नींव बच्चों को मजदूरी नहीं किताबें दें



किशन सनमुखदास भावनानी

वैश्विक रूप से यह देखा गया है कि अनेक कमर्शियल संस्थानों, औद्योगिक संस्थानों, दवा उद्योग, खेत खलियानों गृहउद्योग, इत्यादि अनेक व्यवसायिक क्षेत्रों में छोटे-छोटे बच्चों से श्रम करवाया जाता है, क्योंकि उन क्षेत्रों में कामों के लिए यह छोटे-छोटे बच्चे आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं और अपेक्षाकृत रोजी या मजदूरी भी इनकी कम होती है, और डेली वेजेस के रूप में रखकर आसानी से अपना काम करवा लेते हैं।

दूसरी तरफ हम अनेक चौराहों, बाजारों, हाट बाजारों, में हमने छोटे-छोटे बच्चों को अकेले या अपने मातापिता के साथ खिलौने,खाद्य पदार्थों इत्यादि बेचने को देखते रहते हैं।अनेक बड़ी या छोटी सिटीओ में तो सिग्नल स्टेशनों, बूथों पर अक्सर यह छोटे बच्चे भीख मांगते, सामान बेचते, हमें दिखते रहते हैं। यह नजारा हर छोटी बड़ी सिटी के चौराहों पर आसानी से देखने को मिलता है। संयुक्त राष्ट्र बाल श्रम उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय वर्ष घोषित करते हुए कि 2025 तक इस प्रथा को समाप्त करने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है।

बात अगर हम विश्व बाल श्रम की करें तो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में आई संयुक्त राष्ट्र और यूनिसेफ की रिपोर्ट के अनुसार,संयुक्त राष्ट्र की एक नई रिपोर्ट दशार्ती है कि दो दशकों में पहली बार, बाल श्रमिकों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है।दुनिया भर में काम पर लगाए जाने वाले बच्चों का आँकड़ा अब 16 करोड़ पहुँच गया है।पिछले चार वर्षों में इस संख्या में 84 लाख की वृद्धि हुई है। गुरुवार को जारी साझा रिपोर्ट के मुताबिक कोविड-19 महामारी के कारण लाखों अन्य बच्चों पर जोखिम मंडरा रहा है।चाइल्ड लेबर- ग्लोबल एस्टिमेट्स 2020 ट्रेंड्स रोड फॉरवर्ड नामक रिपोर्टअंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) और संयुक्त राष्ट्र बाल कोष(यूनिसेफ) द्वारा जारी की गई है...यूनीसेफ की कार्यकारी निदेशक, ने कहा है कि इस रिपोर्ट में सरकारों और अन्तरराष्ट्रीय विकास बैन्कों से आग्रह किया गया है कि वे ऐसे कार्यक्रमों में निवेश को प्राथमिकता दें, जो बच्चों को कार्यबल से हटाकर स्कूल में वापस ला सकें, उन्होंने देशों से बेहतर सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों का भी आ□□न किया ताकि परिवारों को इस विकल्प को अपनाने की जरूरत के बारे में ही ना सोचना पड़े।

12 जून को बाल श्रम के खिलाफ विश्व दिवस से पहले जारी की गई इस रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि पिछले 20 वर्षों में पहली बार, बाल श्रम को समाप्त करने की दिशा में हुई प्रगति में व्यवधान आया है। वर्ष 2000 और 2016 के बीच,बाल मजदूरों की संख्या में नौ करोड़ 40 लाख की कमी दर्ज की गई थी, मगर अब गिरावट का यह रूझान पलट गया है।यह 5 से 11 वर्ष की आयु के बीच काम करने वाले बच्चों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की ओर इशारा करता है, जो कुल वैश्विक आँकड़ों का आधे से ज्यादा है। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि महामारी के परिणाम स्वरूप 2022 के अन्त तक, वैश्विक स्तर पर, 90 लाख अतिरिक्त बच्चों को बाल श्रम में धकेल दिये जाने का खतरा है। कोविड-19 के कारण महसूस किये गए आर्थिक झटकों और स्कूल बन्द होने के कारण, जो बच्चे पहले से ही काम करने के लिये मजबूर थे, उन्हें या तो लम्बे घण्टों तक काम करना पड़ रहा है या वे खराब परिस्थितियों में काम कर रहे हैं। वहीं, निर्बल परिवारों में कामकाज और आमदनी का जरिया खत्म होना, बड़ी संख्या में अन्य बच्चों को बाल श्रम के सबसे खराब रूपों की ओर धकेले जाने की वजह बन सकता है। उन्होंने कहा,अब, वैश्विक तालाबन्दी के दूसरे वर्ष में, स्कूल बन्द होने, आर्थिक व्यवधान और सिकुड़ते राष्ट्रीय बजट के कारण, परिवार पीड़ादायक विकल्प चुनने के लिये मजबूर होते जा रहे हैं। रिपोर्ट के मुख्य निष्कर्षः

- कृषि क्षेत्र में बाल मजदूरी करने वाले बच्चों का आँकड़ा 70 प्रतिशत है, सेवा क्षेत्र में 20 प्रतिशत और उद्योगों में 10 प्रतिशत बच्चे हैं। 5 से 11 वर्ष के लगभग 28 प्रतिशत बच्चे और 12 से 14 वर्ष की आयु के 35 प्रतिशत बाल श्रमिक, स्कूल से बाहर हैं। बाल श्रमिकों के तौर पर, लड़कियों की तुलना में लड़कों की संख्या अधिक है. लेकिन, अगर प्रति सप्ताह 21 घण्टे घर में किये गए काम को ध्यान में रखा जाए, तो बाल श्रम का यह लैंगिक अन्तर भी कम हो जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में बाल श्रम 14 प्रतिशत है, जो शहरी क्षेत्रों में 5 प्रतिशत के आँकड़े से लगभग तीन गुना अधिक है।

बात अगर हम भारत की करें तो भारत में भी अनेक बाल श्रमिक हैं। और बाल श्रमिकों की तेजी से संख्या भी बढ़ रही है हालांकि केंद्र और राज्य सरकारों ने इसके खिलाफ कड़े कदम उठाने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी है। देखा जाए तो बाल श्रमिक निम्नलिखित रुप से काम करते हैं??बाल मजदूर - वे बच्चे जो कारखानों, कार्यशालाओं, प्रतिष्ठानों, खानों और घरेलू श्रम जैसे सेवा क्षेत्र में मजदूरी या बिना मजदूरी में काम कर रहे हैं।गली - मोहल्ले के बच्चे - कूड़ा बीनने वाले, अखबार और फेरी लगाने वाले और भीख मांगने वाले।बंधुआ बच्चे - वे बच्चे जिन्हें या तो उनके माता-पिता ने पैसों की खातिर गिरवी रखा है या जो कर्ज को चुकाने के चलने मजबूरन काम कर रहे हैं।वर्किंग चिल्ड्रन - वे बच्चे जो कृषि में और घर-गृहस्थी के काम में पारिवारिक श्रम का हिस्सा हैं।यौन शोषण के लिए इस्तेमाल किए गए बच्चे - हजारों बालिक बच्चे और नाबालिक लड़कियां यौन शोषण की जद में हैं।घरेलू गतिविधियों में लगे बच्चे - घरेलू सहायता के रूप में काम। इसमें लड़कियों का शोषण सबसे ज्यादा है - बच्चे छोटे भाई-बहनों की देखभाल, खाना पकाने, साफ-सफाई और ऐसी अन्य घरेलू गतिविधियों में लगे हुए हैं। हालांकि इन गतिविधियों को रोकने के लिए भारत में अनेक कानून कायदे बने हैं जैसे कि,खदान अधिनियम 1952 - 18 साल से कम आयु वाले बच्चों को खदानों में काम करने पर प्रतिबन्ध लगाता है

## चिंतन-मनन

## अपनेपन का प्रेम असली प्रेम

जब प्रेम बहुत गहरा होता है, तब तुम किसी भी गलतफहमी के लिए पूरी जिम्मेवारी लेते हो। पल भर के लिए ऊपरी तौर से नाराजगी व्यक्त कर सकते हो, परन्तु जब इस नाराजगी को दिल से महसूस नहीं करते, तब तुम एक-दूसरे को अच्छी तरह समझ पाते हो। तब तुम उस अवस्था में हो जहां सभी समस्याएं और मत-भेद मिट जाते हैं और केवल प्रेम झलकता है। प्रायः हम मतभेदों में उलझे रहते हैं क्योंकि अपने वास्तविक स्वभाव से दूर हो गए हैं। प्रेम के नाम पर हम दूसरों को इच्छानुसार चलाना चाहते हैं। यह स्वाभाविक है कि जब हम किसी से प्रेम करते हैं तो हम चाहते हैं कि वे त्रुटिहीन हो। तुम पहाड़ी के ऊपर से जमीन के गड्ढों को नहीं देख सकते।

इसी प्रकार, उन्नत चेतना की अवस्था से दूसरों की त्रुटियां नजर नहीं आती। परन्तु जमीन आकर गड्ढों को (दोषों को) देख सकते हो। और गड्ढों को भरना चाहते हो तो उन्हें देखना ही होगा। हवा में रहकर तुम घर नहीं बना सकते। गड्ढों को देखे बिना, उनको भरे बिना, कंकड़-पत्थर हटाए बिना, जमीन को नहीं जोत सकते।

इसीलिए जब तुम किसी से प्रेम करते हो और उनमें दोष ही दोष देखते हो तो उनके साथ रहो और गड्ढे भरने में उनकी मदद करो। यही ज्ञान है। तुम किसी को प्यार क्यों करते हो? क्या उनके गुणों के लिए या मित्रता और अपनेपन के कारण? अपनत्व महसूस किए बिना, केवल उनके गुणों के लिए, तुम किसी से प्रेम कर सकते हो!

इस प्रकार का प्रेम प्रतिस्पर्धा और ईर्ष्या पैदा करता है। परन्तु जब प्रेम आत्मीयता के कारण होता है, तब ऐसा नहीं होता। जब तुम किसी को उनके गुणों के लिए चाहते हो और जब उनके गुणों में बदलाव आता है, या जब तुम उनके गुणों के आदी हो जाते हो, तुम्हारा प्रेम भी बदल जाता है। परन्तु प्रेम यदि अपनत्व के भाव से है, क्योंकि वे तुम्हारे अपने हैं, तब वह प्रेम जन्म-जन्मान्तरों तक रहता है।

लोग कहते हैं, मैं ईश्वर से प्रेम करता हूं क्योंकि वे महान है। और यदि यह पाया जाए कि ईश्वर साधारण हैं, हमारे जैसे ही एक व्यक्ति, तब तुम्हारा प्रेम समाप्त हो जाएगा। यदि तुम ईश्वर से इसलिए प्रेम करते हो क्योंकि वे तुम्हारे अपने हैं, तब वे चाहे जैसे भी हों, चाहे वे रचना करें

## बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले महत्वपूर्ण राजनीतिक मंथन

राजद, कांग्रेस और कुछ छोटी पार्टियों से मिलकर बना महागठबंधन कड़ा चुनौती दे रहा है। गठबंधन पर चर्चा के लिए पिछले हफ्ते दिल्ली में राजद और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की बैठक हुई थी। 2020 के बाद से राजनीतिक पुनसंयोजन-वीआईपी का महागठबंधन में शामिल होना, एलजेपी का एनडीए के साथ गठबंधन और राष्ट्रीय लोक समता पार्टी का जेडी(यू) में विलय-चुनावी तस्वीर को जटिल बनाते हैं।

इस साल के अंत में बिहार में होने वाले चुनाव काफी अप्रत्याशित हैं। अभी तक, भाजपा, राजद, कांग्रेस या जद (यू) के लिए कोई आसान रास्ता नहीं है। बिहार की राजनीति में मंथन चुपचाप हो रहा है। सत्ता की गत्यात्मकता में संभावित बदलाव हो सकता है। पिछले दो दशकों से जनता दल (यूनाइटेड) के बाद दूसरे स्थान पर रहने वाली भाजपा प्रमुख भूमिका निभाने की उम्मीद कर रही है। राजद सरकार का मुखिया बनना चाहता है।

दो महत्वपूर्ण शक्ति समूह लड़ाई में हैं। एक तरफ एनडीए और दूसरी तरफ महागठबंधन, जिसमें राजद, कांग्रेस और वामपंथी दल शामिल हैं। पार्टी के भीतर और भीतरी गतिशीलता पूरे जोश में है। एनडीए और महागठबंधन एक बड़े राजनीतिक मुकाबले के लिए सोची-समझी चाल चल रहे हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के बाद, लगातार उन राज्यों में जीत से उत्साहित भाजपा ने अब बिहार पर नजरें गड़ा दी हैं।

बिहार की जातिगत राजनीति दिलचस्प है। पिछड़े वर्ग की आबादी 63.13प्रतिशत है, जबकि सवर्ण जातियां केवल 15.52प्रतिशत हैं। पिछड़े वर्ग की श्रेणी में अन्य पिछड़ा वर्ग 27.12 है, जबकि अत्यंत पिछड़ा वर्ग की आबादी 36प्रतिशत है। दलितों की संख्या लगभग 19.65 है और यादवों की संख्या 14.26प्रतिशत है। नीतीश कुमार की कुर्मी जाति, कुर्मी, जिसे ओबीसी के रूप में भी वर्गीकृत किया गया है, की आबादी 2.87प्रतिशत है। पिछले विधानसभा चुनावों में, लगभग 15प्रतिशत आबादी वाली उच्च जातियों ने कई पार्टियों में टिकट वितरण पर अपना दबदबा बनाया था। भाजपा ने अपने 47.3प्रतिशत टिकट उच्च जाति के उम्मीदवारों को दिये थे, जबकि कांग्रेस ने अपनी 40प्रतिशत सीटें उच्च जातियों को दी थीं।

2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में, महागठबंधन 243 सदस्यीय विधानसभा में साधारण बहुमत हासिल नहीं कर सका, केवल 12 सीटों से चूक गया। राजद सदन में सबसे बड़ी पार्टी थी, लेकिन सरकार नहीं बना सकी।

2025 के चुनावों के लिए, जेडी(यू) ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाने की पुष्टि की है। जाने-माने चुनाव विशेषज्ञ प्रशांत किशोर ने भविष्यवाणी की थी कि नीतीश कुमार अपना राजनीतिक करियर खत्म कर देंगे। राजद ने अपने नेता तेजस्वी यादव को चुना है। कांग्रेस ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। इस महीने से शुरू हुई कांग्रेस और राजद के बीच बैठकों का सिलसिला जारी है।

जनता दल (यूनाइटेड) पार्टी और भाजपा गठबंधन वर्तमान में बिहार पर शासन कर रहे हैं। नीतीश कुमार की बिगड़ती सेहत, जातिगत संतुलन और गठबंधन के कामकाज ने बिहार को एनडीए के लिए राजनीतिक रूप से अप्रत्याशित बना दिया है। अगर भाजपा नीतीश को चुनती भी है, तो उनके स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे चुनाव परिणाम को काफी प्रभावित कर सकते हैं। जेडीयू भाजपा के साथ ज्यादा सीटों के लिए मोलभाव करना चाहती है। 2020 में जेडी(यू)ने 115 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन सिर्फ 43 सीटें ही जीत पायी थी। इसके विपरीत, भाजपा ने 110 सीटों पर चुनाव लड़ा और 74 सीटें जीतीं।

राजद, कांग्रेस और कुछ छोटी पार्टियों से मिलकर बना महागठबंधन कड़ा चुनौती दे रहा है। गठबंधन पर चर्चा के लिए पिछले हफ्ते दिल्ली में राजद और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की बैठक हुई थी। 2020 के बाद से राजनीतिक पुनसंयोजन-वीआईपी का महागठबंधन में शामिल होना, एलजेपी का एनडीए के साथ गठबंधन और राष्ट्रीय लोक समता पार्टी का जेडी(यू) में विलय-चुनावी तस्वीर को जटिल बनाते हैं। 2020 के बाद से एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम एनडीए के भीतर सत्ता समीकरण में बदलाव रहा है, जिसमें भाजपा मजबूत होकर उभरी है। भाजपा ने रणनीतिक रूप से गैर-प्रमुख अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और गैर-प्रमुख दलित समुदायों को अपने पक्ष में किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिनों के लिए बिहार गये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही बिहार का दौरा करेंगे।

राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने एक चौंकाने वाली घोषणा करते हुए कहा कि वह अपने समाजवादी सहयोगी नीतीश कुमार के साथ सुलह करने के लिए तैयार हैं। इस बयान के जवाब में नीतीश ने कहा कि उन्होंने अनजाने में राजद के साथ गठबंधन कर लिया था। हालांकि, तेजस्वी यादव ने जोर देकर कहा कि महागठबंधन में नीतीश के लिए कोई जगह नहीं है। कई लोगों का मानना है कि अपने यू-टर्न के लिए मशहूर नीतीश पाला बदल सकते हैं।

भारत के विपक्षी इंडिया ब्लॉक ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को आगामी बिहार विधानसभा चुनावों के लिए अपनी समन्वय समिति का प्रमुख नियुक्त किया है। यह निर्णय 17 अप्रैल को पटना में छह गठबंधन सहयोगियों की बैठक के दौरान लिया गया।

महागठबंधन में कांग्रेस और वामपंथी दलों को चिंता है कि राजद सीट बंटवारे के समझौते को अंतिम रूप देने के लिए आखिरी समय तक इंतजार करेगा। कांग्रेस पार्टी 2020 में उन्हें दी गयी कमजोर सीटों से नाखुश है। उसने पिछले चुनाव में जिन 70 सीटों पर चुनाव लड़ा था, उनमें से उन्हें केवल 19 सीटें ही मिलीं। सीपीआई (एमएल), जिसने 2020 में अच्छा प्रदर्शन किया था, सीटों का बड़ा हिस्सा चाहती है। 2005 के बाद से, आरजेडी को 2015 और 2022 में छोटी अवधि को छोड़कर, सत्ता हासिल करने में कठिनाई हो रही है।

फिलहाल, तेजस्वी यादव के सामने दो मुख्य कार्य हैं। सबसे पहले, उन्हें मुसलमानों और यादवों के अपने मूल समूहों से परे अन्य जातियों को शामिल करने के लिए समर्थन का विस्तार करने की आवश्यकता है। इसके लिए एक मजबूत जमीनी स्तर का अभियान शामिल है, क्योंकि पारंपरिक मतदान के रुझान बदल रहे हैं। कांग्रेस ने बिहार में युवा नेतृत्व विकसित नहीं किया है। इसका पुराना कोर ग्रुप मुस्लिम और दलितों के वोट बैंक दूसरे दलों में चले गये हैं। पार्टी ने हाशिए पर पड़े समुदायों पर नजर रखने के लिए 'संविधान नेतृत्व कार्यक्रम' शुरू किया है।

मुख्य दलों को अपने समूहों के भीतर और बाहर दोनों जगह चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, और एक महत्वपूर्ण राजनीतिक बदलाव की उम्मीद है। ध्यान देने वाली बात यह है कि नीतीश कुमार का ईबीसी बरकरार है और आरजेडी-कांग्रेस गठबंधन को चुनौती दे रहा है। नवंबर से पहले कई और बदलाव हो सकते हैं, जिन्हें देखना दिलचस्प होगा। राजनीति में एक सप्ताह लंबा माना जाता है। छह महीने वास्तव में लंबे होते हैं।

**- कल्याणी शंकर**

# जिला कलक्टर ने किया उपखंड नारायणपुर, बानसूर का दौरा

## मनरेगा, कचरा संग्रहण केन्द्र, विद्यालय एवं सीएचसी का किया निरीक्षण आमजन से लिया सुविधाओं का फीडबैक, मिड-डे-मील चखा, पौधारोपण किया, लापरवाही करने वालों को फटकार लगाई

## आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता प्राथमिकता से सुनिश्चित करें अधिकारी-जिला कलक्टर

मरुधर विशेष

**बानसूर सुरेश कुमार सैनी** बानसूर। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बुधवार को उपखंड नारायणपुर का दौरा कर विभिन्न राजकीय संस्थानों एवं विकास कार्यों का जायजा लिया व अधिकारियों को आमजन के हितार्थ सजगता से कार्य करने के निर्देश प्रदान किए. इस दौरान जिला कलक्टर ने उपखण्ड नारायणपुर की ग्राम पंचायत विजयपुरा में जल संरक्षण हेतु मनरेगा के तहत किए जा रहे जोहड़ निर्माण कार्य का निरीक्षण किया एवं महिला श्रमिकों से वार्ता कर प्राप्त होने वाली दैनिक मजदूरी, किए जाने वाले कार्य, कार्यस्थल पर भोजन, पेयजल सहित गर्मी के मध्यनजर छाया में बैठने की उचित व्यवस्था पर फीडबैक प्राप्त किया. उन्होंने पहाड़ी की तलहटी में वर्षा जल संचय हेतु चयनित जगह की उपयोगिता की सराहना करते हुए कहा कि वर्षा जल एकत्रीकरण से भूमि जल स्तर में वृद्धि की पूर्ण संभावना है.

उन्होंने इस दौरान ग्राम पंचायत विजयपुरा के पंचायत भवन के पास बनाए गए कचरा संग्रहण केन्द्र (आरआरसी) का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को ग्राम सरपंच मोहन लाल के समन्वय से इसे शीघ्र उपयोग में लाने के संबंध में निर्देश दिए, जिससे कि व्यवस्थित रूप से कचरे का निदान हो सके एवं क्षेत्र में सफाई व्यवस्था बेहतर हो. इस दौरान ग्राम विजयपुरा सरपंच द्वारा ग्राम में संचालित की जा रही नर्सरी (पौधशाला) की विस्तार से जानकारी दी. जिला कलेक्टर ने कहा कि सरकार के हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत आगामी ऋतु में अधिकाधिक पौधरोपण हेतु पौध तैयार की जाए, जिससे कि वृक्षारोपण के लक्ष्य को प्राप्त कर आने वाले भविष्य के लिए पर्यावरण संरक्षण का कार्य किया जा सके.

इसके पश्चात जिला कलक्टर ने कस्बा नारायणपुर में पेयजल सप्लाई व्यवस्था कि जानकारी प्राप्त कर आवश्यक स्थानों पर टैंकर द्वारा पेयजल सप्लाई (टीओडब्लयू) का निरीक्षण किया






एवं मौजूद पीएचईडी जेईएन सुशीला को टैंकर की नियमित साफ-सफाई, जीपीएस ट्रैकिंग, गर्मी के मद्देनजर निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.

इस दौरान जिला कलेक्टर ने कस्बा नारायणपुर के सार्वजनिक शौचालय की साफ-सफाई का जायजा लिया एवं पर्याप्त सफाई व पानी की उचित व्यवस्था नहीं पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए लापरवाही बरतने वालों को फटकार लगाई. उन्होंने नगर पालिका अधिकारी को सार्वजनिक शौचालय की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करते हुए पानी की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए.

इसके पश्चात जिला कलक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणपुर का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया. उन्होंने मौसमी बीमारियों के मध्यनर पर्याप्त दवा भंडार, निशुल्क जांच एवं दवा योजना, सफाई व्यवस्था, चिकित्सको एवं कार्मिकों की उपस्थिति को देखा व बेहतर स्वास्थ्य सेवाए देने एवं इसके संबंध में आवश्यक निर्देश प्रदान किए. जिला कलक्टर ने मरीजों एवं उनके परिजनों से संवाद कर चिकित्सकों के व्यवहार, दी जा रही चिकित्सा व अन्य मूलभूत सुविधाओं के बारे में फीडबैक प्राप्त किया, जिसपर संतोषजनक फीडबैक देते हुए मरीजों ने मिल रही सुविधाओं की जानकारी दी. जिला कलेक्टर ने चिकित्सकों को सरकार की कल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी आने वाले मरीजों व उनके परिवारजनों को देते हुए लाभ देने को कहा. इस दौरान उन्होंने सीएचसी के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण कर सीएचसी इंचार्ज व संवेदक (ठेकेदार) को गुणवत्ता के साथ शीघ्र कार्य पूर्ण करवाने के निर्देश दिए जिससे कि आमजन को सरकार की मंशानुरूप बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सके.

इसके पश्चात जिला कलक्टर ने पीएमश्री सीनियर सैकंडरी स्कूल चतरपुरा का निरीक्षण कर शिक्षा व्यवस्था का जायजा लिया. अध्ययन कार्य, पेयजल, बैठने की व्यवस्था, कक्षा कक्ष, अध्ययन सामग्री, स्टाफ उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए एवं प्रधानाचार्य व विद्यालय स्टाफ द्वारा परिसर में किए जा रहे वृक्षारोपण कार्यों की सराहना की. उन्होंने भामाशाहों द्वारा सीएसआर के माध्यम से विद्यालय में करवाए जा रहे विकास कार्यों की प्रशंसा की एवं भामाशाह ओमप्रकाश द्वारा परिसर में प्रार्थना स्थल पर बनवाए जा रहे टीन शेड कार्य का जायजा लेते हुए भामाशाहों के प्रयासों व योगदान को सराहा. इस दौरान जिला कलेक्टर ने विद्यालय में वितरित किए जा रहे मिड-डे-मील के बारे में विद्यार्थियों से फीडबैक प्राप्त किया एवं रसोई में सफाई व्यवस्था, साफ बर्तन, मसाले एवं अनाज भंडारण का जायजा लिया. जिला कलक्टर ने उपखण्ड अधिकारी नारायणपुर दिनेश शर्मा के साथ भोजन की गुणवत्ता परखने हेतु विद्यार्थियों के साथ भोजन किया. भोजन की गुणवत्ता व मात्रा संतोषजनक पाए जाने पर कार्य को सराहा. इस दौरान जिला कलक्टर ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया. इसके पश्चात जिला कलक्टर ने चतरपुरा में नाबार्ड द्वारा संचालित कारपेट निर्माण की घरेलू इकाई का निरीक्षण किया. उन्होंने महिला श्रमिकों से संवाद कर उनके द्वारा किए जा रहे कार्य, दैनिक मजदूरी, मासिक आमदनी, परिवार में अर्जित अतिरिक्त आय से होने वाले लाभों पर चर्चा की. जिला कलेक्टर को अपने बीच पाकर महिला श्रमिकों ने आत्मीयता से भाव विभोर होकर जिला कलक्टर का अभिवादन किया. जिला कलेक्टर ने नाबार्ड अधिकारी मीणा को महिला श्रमिकों की आय बढ़ाने के लिए विशेष कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए. इस दौरान तहसीलदार अनिल कुमार, बीडीओ थानागाजी आमिर अली, सहायक प्रशासनिक अधिकारी चंद्रकांत सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे.

### बानसूर उपखंड में आंगनबाड़ी एवं एनीकट का किया निरीक्षण

जिला कलक्टर ने बुधवार को उपखंड बानसूर की ग्राम पंचायत गिरुड़ी में आंगनबाड़ी केंद्र एवं मंगलवा में वाटरशेड एनीकट विस्तार कार्य का भी निरीक्षण किया।उन्होंने गिरुड़ी में आंगनवाड़ी केंद्र पर दर्ज बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार की गुणवत्ता, शिक्षा-सामग्री की उपलब्धता एवं साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से नियमित गतिविधियों की जानकारी ली तथा बच्चों के समग्र विकास पर जोर दिया। उन्होंने मंगलवा में वाटरशेड के एनीकट विस्तार कार्य के निरीक्षण के दौरान कार्य की गुणवत्ता, प्रगति और जल संरक्षण के बारे में चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं मानक अनुरूप कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उपखंड अधिकारी बानसूर अनुराग हरित सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## यूपीएससी परीक्षा में कठूमर क्षेत्र के गांव नाटोज के सागर मीना ने हासिल की 664वीं रैंक

मरूधर विशेष। दिनेश लेखी

**कठूमर ।** यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा-2024 में कठूमर उपखण्ड क्षेत्र के नाटोज गांव के सागर मीना ने 664वीं रैंक हासिल की है। 30 वर्षीय सागर मीना पिछले 6 वर्षों से मल्टीनेशनल कंपनी इन्वेस्टमेंट बैंकिंग इन मुंबई उस में जॉब करते हैं। सागर ने पांच बार यूपीएससी की परीक्षा दी जिसमें पांच बार मैंस और दो बार इंटरव्यू में पहुंचे इन्होंने इसके लिए कोचिंग नहीं की है स्वयं ने घर पर अध्ययन करके रैंक प्राप्त की है। सागर ने अपने पांचवें प्रयास में 664वीं रैंक हासिल की थी। इस बार की रैंक से उन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवा में जाने का अवसर मिल सकता है। सागर के पिता फतेह सिंह मीना रेलवे चीफ इंजीनियर मुंबई में कार्यरत है। सागर ने केंद्रीय विद्यालय में पढ़ाई की है। तथा कंप्यूटर साइंस इंजीनियर एनआईटी, एमबीए आईआईएम अहमदाबाद से शिक्षा प्राप्त की उनके बड़े भाई असिस्टेंट डायरेक्टर डीडीए दिल्ली के पद पर कार्यरत हैं। आईपीएस की ट्रेनिंग के दौरान सीमित समय में सागर ने पढ़ाई जारी रखी। सागर ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता को दिया है। इनकी माता चैनबाई ग्रहणी है। सागर का कहना है कि लक्ष्य के प्रति समर्पण, कड़ी मेहनत और धैर्य से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है।




## कांकर गांव की पहाड़ियों में लगी आग से मचा हड़कंप, ग्रामीणों ने दमकल विभाग को सुनाई खरी-खोटी

### गांव जलने की चेतावनी के बाद हरकत में आया प्रशासन, दमकल भेजने में हुआ विलंब

मरुधर विशेष

**नीमराना(सुनील मेघवाल)** नीमराना उपखंड क्षेत्र के कांकर गांव में बुधवार दोपहर अचानक पहाड़ी की तलहटी में आग लग गई। आग ने कुछ ही पलों में विकराल रूप धारण कर लिया जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तेज हवा और सूखे वातावरण के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया।


ग्रामीणों द्वारा घीलोट और नीमराना औद्योगिक क्षेत्र के फायर ब्रिगेड ऑफिस को सूचना दी गई,लेकिन कर्मचारियों ने दमकल भेजने से इनकार कर दिया।इस पर आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा, "जब गांव जल जाएगा तब आना।"

गांव के सरपंच रविंद्र ने बताया कि बार-बार सूचना देने के बावजूद कोई मदद नहीं मिली। अंततः मामले की



गंभीरता को देखते हुए उपखंड अधिकारी को सूचित किया गया, जिनके निर्देश पर रीको प्रशासन ने दो दमकल गाड़ियां मौके के लिए रवाना कीं। हालांकि तब तक आग काफी फैल चुकी थी और ग्रामीण ही आग बुझाने में जुटे रहे। नीमराना रीको के सीनियर मैनेजर आरके का कहना है कि नीमराना की फायर ब्रिगेड औद्योगिक क्षेत्र के लिए है, न कि गांवों के लिए।उन्होंने बताया कि 12 हजार लीटर की बड़ी दमकल कच्चे रास्तों के कारण गांव तक नहीं पहुंच सकती। जबकि बहरोड में दमकल है वहां से संपर्क किया जाए लेकिन मामले को लेकर विचार कर समाधान करेंगे।

ग्रामीणों और सरपंचों ने सवाल उठाए हैं कि आपदा की स्थिति में जब प्रशासन की प्राथमिकता गांव नहीं होंगे, तो फिर ग्रामीण अपनी सुरक्षा कैसे सुनिश्चित करें?



फिलहाल कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया हैं। गनीमत रही कि कोई जनहानि की सूचना नहीं है, लेकिन वनस्पति और खेतों को भारी नुकसान पहुंचा है।

प्रशासन के रवैये पर उठे सवाल, ग्रामीणों ने की स्थाई समाधान की मांग

घटना ने एक बार फिर ग्रामीण इलाकों में आपदा प्रबंधन की खामियों को उजागर कर दिया है। लोगों ने मांग की है कि गांवों में भी छोटे साइज की दमकल गाड़ियां और स्थाई फायर यूनिट्स की व्यवस्था की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर तुरंत कार्रवाई हो सके।

## नीमराना में चिकित्सा विभाग की हुई बैठक बढ़ते हीट वेव को लेकर उच्च अधिकारियों ने दिया दिशा निर्देश




मरुधर विशेष

**नीमराना (सुनील मेघवाल)** चिकित्सा विभाग की मासिक बैठक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोटपूतली बहरोड़ आशीष सिंह शेखावत व खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी शाजहाँपुर सुरेश कुमार यादव की अध्यक्षता बुधवार को पंचायत समिति सभागार में हुई। जिसमें सभी चिकित्सा अधिकारी प्रभारी एएनएम,सीएचओ व कंप्यूटर ऑपरेटर ने भाग लिया। सीएमएचओ आशीष शेखावत के द्वारा हीट वेव की तैयारियों की समीक्षा की गई। सीएमएचओ आशीष शेखावत ने कहा कि गर्मी के मौसम में ज्यादा से ज्यादा पानी पिये,पानी वाले फल का सेवन करे जैसे तरबूज खरबूजा खीरे आदि,सफर में पानी की बोतल साथ रखे, सभी सीएचसी,पीएचसी पर वार्ड बनाया गए हैं, सभी संस्था पर ओ आर एस व फ्लूड की किट बनाये गई है आदि के बारे में जानकारी दी गई। बीसीएमओ डॉक्टर सुरेश कुमार यादव के द्वारा सभी संस्था प्रभारियों को हीट वेव से निदान की तैयारी रखने रखने की दवाई किट बना कर रखे, इनके साथ टी बी मुक्त भारत के तहत ग्राम पंचायतों को टी बी मुक्त करने के लिए निर्देश दिए। आयुष्मान भारत के तहत 70 वर्ष से आयु वर्ग के लोगो के आयुष्मान कार्ड बनाने,व आरसीएच गतिविधियों ,परिवार कल्याण कार्यक्रम की समीक्षा की गई ।बैठक में योगेश सिंगल डीपीओ,बीपीओ नरेंद्र पालसिंह व ललित कुमार बीएनओ परिवार कल्याण अलवर व सभी चिकित्सा अधिकारी एएन एम,सी एच ओ उपस्थित रहे।

## अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर दिल्ली कार्यशाला में बांसवाड़ा के भाजपा युवा नेता एवं पूर्व छात्र संघ पदाधिकारी संजय दर्जी लोहारिया ने भाग लिया

मरुधर विशेष



**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा बांसवाड़ाः** भाजपा वन नेशन वन इलेक्शन व मोदीजी के गैर राजनीतिक परिवार के युवाओ राजनीति में आगे लाने के लिए एक दिन की कार्यशाला का आयोजन अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर दिल्ली में किया गया कार्यशाला में बांसवाड़ा के भाजपा युवा नेता एवं पूर्व छात्र संघ पदाधिकारी संजय दर्जी लोहारिया ने भाग लिया दर्जी सक्रिय रूप से पार्टी की विभिन्न गतिविधियों में भाग लेते हैं कार्यशाला में पूर्व छात्र नेताओं से सुझाव भी लिए गए। इस कार्यशाला में भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसलभाई केंद्रीय खेल एवं युवा मामलात मंत्री मनसुखभाई माडविया एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान एवं अन्य गणमान्य जन का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ

## एडवोकेट हिम्मत सिंह आर्य ने शादी की सालगिरह गोवंश के बीच सेवार्थ कर मनाई समाज में पशुओं की सेवार्थ में दिया बाद संदेश

मरुधर विशेष

**नीमराना (सुनील मेघवाल)** नीमराना अभिभाषक संघ के अधिवक्ता हिम्मत सिंह आर्य निवासी रेवाना की शादी की सातवीं सालगिरह बुधवार को नीमराना एसडीएम कार्यालय के पास स्थित गौशाला में गोवंश के साथ सेवार्थ कर मनाई। एडवोकेट हिम्मत सिंह आर्य एवं उनकी पत्नी सोनम कुमारी की सातवीं शादी की सालगिरह पर गौशाला में गोवन स के लिए 30 मन तूड़ा, पांच पेटी गुड गौवंश की सेवार्थ में भेंट कर मनाई गई। आज के जमाने में लोगों के द्वारा सामाजिक कार्यक्रमों में बेवजह फिजूल खर्ची कर चंद समय में हजारों लाखों रुपए खर्च कर देते हैं लेकिन इस परंपरा से हटकर एडवोकेट हिम्मत सिंह आर्य गोवंश की सेवार्थ कर गौ सेवा को परम कर्तव्य समझकर गोवंश के लिए तूड़ा,गुड भेंटकर गौवंश को खिलाया गया। एडवोकेट हिम्मत सिंह आर्य की शादी की सालगिरह गोवंश के बीच मनाने



को अधिवक्ताओ और सामाजिक संगठन के लोगों ने भरपूर प्रशंसा की। इस अवसर पर मेघवाल विकास समिति ब्लॉक अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक पनवाल,विजय चौहान एडवोकेट, रामनिवास सामरिया,अशोक निमोरिया,सतीश निमोरिया,अशोक आर्य,सुरेश जलालपुरिया,पवन सिरोहीवाल,धर्मेन्द्र यादव,जयकिशन एडवोकेट,पूर्ण सिंह मीणा,राजेन्द्र सिंह,रविन्द्र टाइपिस्ट संघ अध्यक्ष, काफी अधिवक्ता मौजूद रहे।एडवोकेट हिम्मत सिंह आर्य ने शादी की सालगिरह गोवंश के बीच सेवार्थ कर मनाई

**समाज में पशुओं की सेवार्थ में दिया बाद संदेश**

नीमराना (सुनील मेघवाल) नीमराना अभिभाषक संघ के अधिवक्ता हिम्मत सिंह आर्य निवासी रेवाना की शादी की सातवीं सालगिरह बुधवार को नीमराना एसडीएम कार्यालय के पास स्थित गौशाला में गोवंश के साथ सेवार्थ कर मनाई। एडवोकेट हिम्मत सिंह आर्य एवं उनकी पत्नी सोनम कुमारी की सातवीं शादी की सालगिरह पर गौशाला में गोवन स के लिए 30 मन तूड़ा, पांच पेटी गुड गौवंश की सेवार्थ में भेंट कर मनाई गई। आज के जमाने में लोगों के द्वारा सामाजिक कार्यक्रमों में बेवजह फिजूल खर्ची कर चंद समय में हजारों लाखों रुपए खर्च कर देते हैं लेकिन इस परंपरा से हटकर एडवोकेट हिम्मत सिंह आर्य



गोवंश की सेवार्थ कर गौ सेवा को परम कर्तव्य समझकर गोवंश के लिए तूड़ा,गुड भेंटकर गौवंश को खिलाया गया। एडवोकेट हिम्मत सिंह आर्य की शादी की सालगिरह गोवंश के बीच मनाने को अधिवक्ताओ और सामाजिक संगठन के लोगों ने भरपूर प्रशंसा की। इस अवसर पर मेघवाल विकास समिति ब्लॉक अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक पनवाल,विजय चौहान एडवोकेट, रामनिवास सामरिया, अशोक निमोरिया,सतीश निमोरिया, अशोक आर्य,सुरेश जलालपुरिया,पवन सिरोहीवाल, धर्मेन्द्र यादव,जयकिशन एडवोकेट, पूर्ण सिंह मीणा,राजेन्द्र सिंह,रविन्द्र टाइपिस्ट संघ अध्यक्ष, काफी अधिवक्ता मौजूद रहे।


## नीमराना में दिनदहाड़े दुकानदार के साथ बदमाशो ने मारपीट कर दुकान में की तोड़फोड़

### दुकान में रखे हुए रिपेयर के 15-20 मोबाईल फोन लूटकर फरार हुए बदमाश



मरुधर विशेष

**नीमराना( सुनील मेघवाल)** श्रीकृष्णा टॉवर में स्थित वीएस मोबाईल रिपेयर की दुकान पर बुधवार दोपहर करीब 12:30बजे दुकानदार से दिनदहाड़े बदमाशों के द्वारा मारपीट कर रिपेयर के मोबाइल लूट ले गए।



सिलारपुर निवासी दुकानदार वीरेंद्र सिंह ने बताया कि एक ग्राहक लड़की फोन लेने के लिए आई थी। लड़की का मोबाइल रिपेयर के लिए दुकान पर रखा हुआ था मोबाइल रिपेयर के दौरान डैमेज हो गया था इसलिए मैंने बोला कुछ दिल लगेंगे आपका मोबाइल रिपेयर होकर आपको मिल जाएगा। लड़की के साथ पहले 6-7 लोगों ने उसके साथ कहासुनी की।लेकिन मामले को शांत करवा दिया।इसके बाद 8-10 लोग आए और आते ही दुकान में तोड़फोड़ करते हुए मारपीट करने लग गए। सानौली गांव निवासी योगी उर्फ कृपाल सिंह अपने सहयोगियों के साथ दुकान पर आया।इसके बाद रिपेयर कर रखे हुए 15-20 मोबाईल फोन जोकि डब्बे में रखे हुए थे लूट कर फरार हो गए।घटना की सूचना नीमराना थाना पुलिस को दी थाने पहुंचकर मामला दर्ज करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया है।लेकिन पुलिस भी घटना को लेकर गंभीर नहीं दिखी।

## श्रावण कुंभ महोत्सव में होने वाली भागवत कथा के पटेल बंधु बने मुख्य यजमान



मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा धौलागढ़ः** धाम राजस्थान में पहली बार देवाधिदेव महादेव के पावन पवित्र श्रावण मास में महायोगी गुरु गोरक्षनाथ जी सहित कई सिद्धों की पावन तपोभूमि की साक्षी रहे पावन पवित्र धौलागढ़ धाम स्थित अघोर पशुपति पीठ में परम पूज्य गुरुदेव योगी प्रकाशनाथ जी महाराज द्वारा 45 दिवसीय दिव्य भव्य श्रावण कुंभ महोत्सव आयोजित किया जा रहा है।जिसमें पावन व्यास पीठ से दिनांक 2 अगस्त से 8 अगस्त तक श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ होने वाला है।महामंडलेश्वर ईश्वरानन्द सरस्वती महाराज उर्फ़ महर्षि उत्तम स्वामी जी के मुखारविंद से होने वाली भागवत कथा के मुख्य यजमान का लाभ डूंगरपुर जिले की सागवाड़ा तहसील के ग्राम रणोली निवासी गोतमलाल तथा हेमन्त पुत्र देवजी पटेल ने प्राप्त किया। आज गुरुदेव द्वारा संपर्क कर यजमान को महोत्सव का निमंत्रण दिया इस दौरान नरेश पटेल, भोगीलाल पटेल, जगदीश पटेल, हितेश पटेल निखिल पटेल, गोपाल मीणा तथा शंकर लाल मीणा आदि उपस्थित रहे।ज्ञात रहे की दिव्य भव्य श्रावण कुंभ महोत्सव 10 जुलाई 2025 गुरु पूर्णिमा से 23 अगस्त 2025 तक आयोजित किया जा रहा है।जिसके अंतर्गत श्री श्री 1008 अतिरुद्र महायज्ञ एवं श्री सहस्त्रचंडी महायज्ञ के साथ 51 लाख पार्थिवेश्वर शिवलिंगो का निर्माण कर पूजन किया जाएगा ।

## विप्र फाउंडेशन बांसवाड़ा द्वारा मशाल जला कर विरोध प्रदर्शन

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा बांसवाड़ाः** पहलगाँव मे आतंक वादियों द्वारा चुन चुन कर हिंदू पर्यटकों पर हमला कर मौत के घाट उतार देने के विरोध मे विप्र फाउंडेशन बांसवाड़ा द्वारा मशाल जला कर प्रदर्शन किया गया। शहर गाँधी मूर्ति सर्कल पर विप्र फाउंडेशन के आवहान् पर सनातन धर्मियो ने एकत्र होकर विरोध प्रकट करते हुए पाकिस्तान और आतंक वादियों को



एक बताते हुए नारे बाजी की। विप्र फाउंडेशन प्रदेश महामंत्री योगेश जोशी, जिलाध्यक्ष ललित कुमार जोशी, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री डा. कीर्ति आचार्य, जिला महामंत्री शशि कुमार शर्मा, नगर अध्यक्ष ईश्वर दास वैष्णव,जिला मंत्री के.के.पड्या, महिला प्रकोष्ठ जिला महामंत्री बरखा जोशी, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव पुष्पा व्यास,प्रमिला नागर सहित दीपक जोशी, अरविंद चोबिसा, महेश चोबिसा, राघव वैष्णव सहित अनेक पदाधिकारियों ने उपस्थित होकर रोष प्रकट किया। इस अवसर पर मृत आत्माओ की शांति के लिए मौन रखा गया और शांति पाठ किया गया, अंत मे कैलाश जोशी ने उपस्थित जनो के प्रति धन्यवाद प्रकट कर समापन किया।

# कोटड़ा ब्लॉक के गावों में पानी की वजह से लोग और मवेशी तरस रहे है

## आदिवासी विकास मंच के बेनर तले उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

मरुधर विशेष



**लिम्बाराम उटेर** गर्मीयों का मौसम शुरू होते ही पानी की किल्लत बढ़ने लगी। कोटड़ा ब्लॉक के 49 गावों में पानी की कोई भी व्यवस्था नहीं होने से लोग परेशान होते हुए नजर आ रहे है। तोरणा गांव में 2 किलोमीटर दूर से गधे पर रखकर पानी लाया जा रहा है। जिससे लोगों के अन्य कामों में भी रूकावटे आ रही है। इसी को लेकर आदिवासी विकास मंच कोटड़ा के बैनर तले आज कोटड़ा में पानी की समस्या को लेकर बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यतः जनता एवं पशुओं के लिए पीने के पानी को लेकर मुख्यतः चर्चा की गई। पानी की व्यवस्था प्रत्येक गांव प्रत्येक घर तक सुनिश्चित हो सके और कोई भी व्यक्ति पानी के अभाव में समस्या से ग्रस्त ना हो इसको लेकर 49 गाँवो के लोगों द्वारा उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया गया। बहुत ज्यादा आवश्यकता वाले गावों में जब तक हैडपम्प की व्यवस्था ना हो तब तक टेंकर की व्यवस्था कराई जाए जिससे लोगों को पीने के पानी से राहत मिल सके।

1. कोटड़ा उपखंड की 66 ग्राम पंचायत के 262 गांव में कुल कितने हैंडपम्प खराब है उनकी 10 दिवस में सूची तैयार कर हैंडपम्प मिस्त्रियों के माध्यम से मरम्मत करवाई जाए एवं गांव वालों से हैंडपम्प ठीक होने का प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाए।
2. प्रत्येक गांव में पेसा कानून के अंतर्गत गांव सभा का आयोजन कर कितने हैंडपम्प की आवश्यकता है उसकी जानकारी प्राप्त कर समयबद्ध कार्यक्रम बनाकर नए हैंडपम्प खुदवाने की प्रक्रिया अभिलंब प्रारंभ की जाए।
3. कोटड़ा क्षेत्र में कई गांव ऐसे हैं जहां पर हैंडपम्प की मशीन नहीं जा सकती अतः उन गांवों को चिन्हित कर सार्वजनिक या व्यक्तिगत कुंआ है जिन पर वहां के लोगों और मवेशियों के पीने की व्यवस्था है उनका गहरीकरण करवाया जाए।
4. जनजाति विभाग की तरफ से कई वर्षो पूर्व कोटड़ा क्षेत्र में काश्तकारों के कुआं गहरीकरण का कार्य किया गया था अतः इस वर्ष भी कुआं गहरीकरण के लिए विशेष पैकेज कोटड़ा के लिए आवंटित किया जाए ताकि पानी की सुविधा प्रत्येक गांव में सुनिश्चित हो सके।
5. रोजगार गारंटी के अंतर्गत चेक डैम एनिकट निर्माण नई निर्माण के कार्य शुरू करवाया जाएं ताकि आगामी वर्ष हेतु जल संरक्षण हो सके एवं लंबे समय के लिए पानी की समस्या का समाधान किया जा सके।
6. उपखंड स्तर पर पानी की समस्या को लेकर एक आपातकालीन नंबर जारी किए जाएं ताकि किसी भी गांव में पानी कोई समस्या होने पर कोई भी नागरिक फोन कर अपनी या अपने गांव की पानी से जुड़ी समस्या आप तक पहुंच सके।
7. गर्मी से बचाव के लिए रोजगार गारंटी की प्रत्येक कार्यस्थल पर छाया की व्यवस्था हेतु आदेश पारित करवाया जाए साथ ही इसकी निगरानी भी की जाए की कोई मजदूर धूप में ना रहे एवं रोजगार गारंटी का समय सुबह 6 से 10:00 बजे तक किया जाए।

उपखंड अधिकारी द्वारा बताया गया कि 10 दिन पहले ही अधिकारीयों के साथ बैठक की गई और जल्द ही इस पर कार्यवाही कर समाधान किया जाएगा। इस दौरान मंच के धरमचंद खैर, मसरू लाल खैर, सरपंच जुड़ा, शंकरलाल सरपंच बिलवन मौजुद रहे।

## भामाशाहों का स्कूल में योगदानः माता पिता की स्मृति में कमरा निर्माण,विधायक ने किया उद्घाटन



मरुधर विशेष

**बानसूर सुरेश कुमार सैनी** बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत ने आज राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में भामाशाहों की ओर से निर्मित कमरा मय बरामदे का उद्घाटन किया गया। रसनाली में श्रीमती नाथी देवी पत्नी स्व. गोपाल सनवाल की स्मृति में उनके परिवार की ओर से राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में एक कमरा मय बरामदे का निर्माण करवाया गया था। जिसको लेकर आज विधायक देवीसिंह शेखावत ने कमरे का उद्घाटन किया। इस दौरान विधायक ने भामाशाह परिवार का आभार जताया। उद्घाटन समारोह में पहुंचने पर सनवाल परिवार ने विधायक और सभी अतिथियों का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया। उद्घाटन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान विधायक ने कहा कि भामाशाह परिवार को इस नेक कार्य के लिए बहुत बहुत धन्यवाद जिन्होंने अपने माता पिता की याद में पुण्य का कार्य किया है। इस दौरान शशिकांत बोहरा,सज्जन मिश्रा, होशियार सरपंच ,बुधराम चौधरी, प्रहलाद दास वैध, अमरसिंह चौधरी, बनवारी लाल चौधरी, सत्यपाल सनवाल, धौलाराम फौजी, हरिसिंह सनवाल सहित सनवाल परिवार के सभी सदस्य और ग्रामीण मौजूद रहे।

## कोटड़ा मे विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर न्यायाधीश ने किया वृक्षारोपण



लिम्बाराम उटेर मरुधर विशेष

**कोटडाः** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के तत्वाधान में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उदयपुर के सचिव कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर कोटडा मे विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण किया। तालुका सचिव मनीष कुमार बांसकुआ ने बताया की न्यायाधीश शर्मा ने कोटडा न्यायालय परिसर, वन विभाग कार्यालय व उपकारागृह कोटडा में वृक्षारोपण किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान न्यायालय में अधिवक्ता महमुद हनीफ अब्बासी, हिम्मत लाल तावड, नरेन्द्र शर्मा, सोहन लाल खैर, राजेन्द्र सिंह राठौड, रामलाल खराडी सहित अन्य अधिवक्तागण, न्यायालय के कर्मचारीगण व वन कार्यालय पर वन कार्मिक, उपकारागृह पर उपकारापाल भगवान सहाय गुर्जर सहित जेल कार्मिक मौजुद रहे।

## राजस्थान वरिष्ठ शिक्षक संघ के अलवर जिला अध्यक्ष बने पुष्पेंद्र राजोरिया

### राजकुमार रजवानिया को महामंत्री नियुक्त किया



मरूधर विशेष । दिनेश लेखी

**कठूमर।** राजस्थान वरिष्ठ शिक्षक संघ (रेस्टा) के प्रदेश अध्यक्ष हरलाल गढ़वाल ने गांव समोली कठूमर निवासी वरिष्ठ अध्यापक पुष्पेंद्र कुमार राजोरिया को संघ का अलवर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। वही संघ में राजकुमार रजवानिया को महामंत्री नियुक्त किया गया है। पुष्पेंद्र कुमार राजोरिया वर्तमान में जाडला स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वरिष्ठ अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं तथा राजकुमार रजवानिया महात्मा गाँधी स्कूल सीरावास ब्लॉक उमरैण वरिष्ठ अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। इनकी नियुक्ति पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कठूमर के वरिष्ठ अध्यापक साथी पप्पू राम गुप्ता, महेश चंद्र वर्मा , पवन कश्यप द्वारा नवनियुक्त जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार राजोरिया का साफा बंधन पर स्वागत किया गया एवं मिठाई खिला कर खुशी व्यक्त की गई।

## कायरता पूर्ण आतंकी हमला मानव सभ्यता पर कलंक

### पहलगाम हमले की निंदा, जिहादी को कठोरतम दंड की मांग

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा** बांसवाड़ा ।राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ भामस जिला बांसवाड़ा जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हुए जघन्य आतंकवादी हमले की कठोर शब्दों में भर्त्सना करता है। महासंघ के जिलाध्यक्ष अनिल पंड्या एवं जिला संगठन मंत्री गमीरचंद पाटीदार ने कहा कि यह हमला न केवल निर्दोष नागरिकों के जीवन पर किया गया एक अमानवीय आक्रमण व मजहब के आधार पर मानवता की नृशंस हत्या का कृत्य भी था। महासंघ के महामंत्री रमेश व्यास ने कहा कि निर्दोषों के विरुद्ध ऐसी हिंसा मानव सभ्यता के मूल्यों पर सीधा आघात है।देश के राष्ट्रीय स्वाभिमान को कमजोर करने की जिहादी सोच का परिणाम है। यह हमारे देश की एकता और अखंडता पर हमला है। देश के सभी राजनीतिक दलों और संगठनों को संविधान और लोकतंत्र पर हुए आतंकी हमले के विरुद्ध अपनी भिन्नताओं से ऊपर उठकर एकजुट होना चाहिए।महासंघ इस घटना की घोर निंदा करता है और देश के नागरिकों से शांति, संयम एवं एकता बनाए रखने की अपील करता है। महासंघ के कार्यकारी जिला अध्यक्ष डॉक्टर लोकेश पाटीदार ने कहा कि मजहब के नाम पर इस प्रकार की हत्याएँ मानवता के इतिहास पर कलंक हैं। विश्व का कोई भी धर्म ऐसे घृणित कृत्य को स्वीकार नहीं कर सकता।हम मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं तथा उनके परिवारों के प्रति अपनी गहन संवेदनाएँ व्यक्त करते हैं।सम्पूर्ण कर्मचारी समाज आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट होकर मानवता एवं राष्ट्रीय एकता के मूल्यों की रक्षा करने के लिए कृतसंकल्प हैं। महासंघ के संगठन मंत्री वनेश्वर गर्ग ने कहा कि हम पीड़ित परिवारों के साथ अपनी संवेदना व्यक्त करते है और सरकार से अपेक्षा करते है कि आतंकवाद के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही कर दोषियों को दंडित किया जाए।तत्काल कार्यवाही करके मानवता और भारतीय संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करना चाहिए।

## टीकाकरण शिविर में हज पर जाने वाले 225 हज यात्रियों लगाये गये टीके



मरुधर विशेष

**संवाददाता सलीम खान** कामां -कामां के बड़ा मदरसा में हज यात्रा 2025 पर जाने वाले हज यात्रियों के लिए बुधवार को विशेष टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। टीकाकरण शिविर में मेडिकल टीम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे। मौलाना रिजवान ने बताया कि टीकाकरण शिविर सुबह 8:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक चलाया गया। जिसमें डीग भरतपुर और धौलपुर जिले के करीब 225 हज यात्रियों को टीके लगाए गए। अन्य चार किसी कारण वश नहीं आ सके लेकिन आने पर उनको भी टीके लगा दिए जाएंगे और हज यात्रियों के लिए निःशुल्क अहराम, बैग वितरित किए गए। राजस्थान में 1 मई से हज पर जाने के लिए फ्लाइटें जाना शुरू हो जाएंगी लेकिन भरतपुर और धौलपुर व डीग के हज यात्रियों की उड़ान 2 तारीख से शुरू होगी। टीकाकरण शिविर में पहुंचे कामां उपखंड अधिकारी सर्वेश शर्मा, कामां तहसीलदार भरतदान का मौजूद मुख्य लोगों ने माला पहनाकर वह साफा बांधकर के उनका स्वागत सम्मान किया ।टीकाकरण शिविर में डीग जिले के रकमा जिला अध्यक्ष अख्तर अली के नेतृत्व में उनकी टीम ने भी हाजियों की खिदमत की, इस मौके पर, भाजपा नेता अली हुसैन, मौलाना हारून,इरसाद बिलग , मुफ्ती रिजवान,पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष साकिर अली , प्रमुख समाजसेवी भाई इदरीश खान लड्डुका , हाजी मुंशी खान गिरदावर , शौकत पटवारी कामां, पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि नोमान खान, रशीदा आलिम सरपंच, आस खा सरपंच गांवड़ी,आदि हजारों लोग मौजूद थे

## एनसीआर रेल समिति खेरली ने सांसद संजना जाटव को सौपा मांग पत्र

मरुधर विशेष



**दिनेश लेखी** खेरली । एनसीआर रेल यात्री समिति खेरली के महामंत्री धर्म सिंह मीणा के नेतृत्व में बुधवार को भरतपुर सांसद संजना जाटव को कार्यालय पर पहुंचकर मांग पत्र सौपा। समिति के अध्यक्ष लक्ष्मी चंद कंसल ने बताया कि समिति के महामंत्री धर्म सिंह मीना के नेतृत्व में खेरली स्थित सांसद कार्यालय पर भरतपुर सांसद संजना जाटव को मांग पत्र सौपा। जिसमें खेडली रेलवे स्टेशन आगरा फोर्ट बांदीकुई के मध्य में पड़ता है खेडली स्टेशन राजस्थान के अलवर जिले के यात्री भार का एक महत्वपूर्ण स्टेशन है रेल मंत्रालय द्वारा स्टेशन को अमृत भारत योजना के तहत चुना है खेडली स्टेशन की वार्षिक आय 2023 2024 रूपये 33306194 हैं खेडली स्टेशन दिनांक 10.09. 2024 को रेलवे द्वारा यात्री भार मानते हुए एनसीआर में एनएसजी न. 5 की कैटिगरी अ श्रेणी में आती है। खेडली स्टेशन से लगभग 30 कि.मी. तक के यात्री खेडली स्टेशन से सफर करते है व दूर दूर के व्यापारी अपना व्यापार करने हेतु रेल यात्रा से सफर करते है। इसलिए पैडेमिक पीरीयड कोरोना काल से पहले रेल संख्या 54461 व 54462 बांडीकुई से बरेली ऋषिकेश व बरेली ऋषिकेश से बांदीकुई पेसेंजर गाडी चला करती थी जो समाप्त कर दी गई है उसको पुनः संचालित करने का कष्ट करें, गाडी संख्या 12547 आगरा केन्ट से सावरमती अहमदाबाद गाडी सं. 12548 सावरमती अहमदाबाद से आगरा केन्ट को खेडली स्टेशन पर ठहराव हेतु, गाडी सं. 22547 ग्वालियर से सावरमती अहमदाबाद 22548 सावरमती अहमदाबाद से ग्वालियर दोनो गाडियों का समय खेडली स्टेशन पर एक ही है।

### गंगापुर सिटी से नई देहली रेलगाडी चलाने की मांग

जो लालसौठ, दौसा, बॉदीकुई, मण्डावर खेरली, नदबई, भरतपुर, मथुरा होते हुए नई गाडी' स्वीकृत कर चलवाने की मांग की है। उक्त सभी गाडियों का समय खेडली स्टेशन पर एक ही है ठहराव करवाने की मांग की है।

## अभयदास महाराज की भागवत कथा प्रारंभ....कलश यात्रा पर हेलिकाप्टर से पुष्प वर्षा.

### भागवत कथा मृत्यु को सुधारती है...महराज

मरुधर विशेष




**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा** प्रतापगढ़ः आज यहां दशहरा मैदान परिसर में तखतगढ धाम पाली मारवाड़ के संत अभय दास महाराज द्वारा कथा का प्रारंभ हुआ घ इससे पूर्व कृषि मंडी से भारी सन्ख्या में महिलाओ की कलश यात्रा प्रारंभ हुई जो गोपाल गंज सूरजपोल सदर बाजार मानक चौक झंडागली होकर कथा स्थल दशहरा मैदान में पहुंचने पर मुख्य यजमान जगदीश सोडानी, रमेश सोडाणी कैलाश माहेश्वरी, रजनीश, विजय maheshwari एवं लड्डा परिवार ने पौथी पूजन किया "सचिदानंदस्वरुपाय विश्वोत्पत्यादि हेतवे...." श्लोक से कथा का प्रारंभ किया घ कहा कि मनु ऋषि की सन्तान मानव को अपनी मृत्यु सुधारनी हो तो भागवत कथा जो भगवान की वाणी है, ये सुन लेना चाहिए। कथा के दौरान अभयदास महाराज ने कल पहलगांव घटना को दुःखद बताया और कहा कि धर्म पूछ कर गोली मारी गई घ आप अन्तिम पीढी हो। जो कथा सुन रहे हो घ आने वाले समय में एसे तो आप भगवान का नाम भी नहीं ले सकोगे घ इसलिए सभी सनातन धर्म के बन्धुओं में एकता अनिवार्य है घ इसके बाद महाराज ने कहा... कुछ राजनैतिक लोगों ने इस कथा को रोकने के प्रयास किए। किन्तु में तो जब कथा करने कहीं जाता हूँ तो भोजन की भीक्षा भी रामायण लिख ने वाले ऋषि वाल्मिकी के समाज के परिवारजन हरिजन के घर का भोजन लेता हूँ घ महाराज ने आदिवासी बन्धुओं को प्रकृति के पुजारी बताया घ माता शबरी के वंशजो आदिवासी 500 बच्चों के लिए हमारे आश्रम में छात्रावास बन रहा है घ गौ सेवा हो रहीं है घ मैं तो इनकी सेवा को अपना सौभाग्य समझता हूँ।पहलगांव में मारे गए हिन्दू समाज के बन्धुओं की आत्मा की शान्ति के लिए मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई

इसके बाद आरती हुई घ कलश यात्रा का नगर मे भारी स्वागत किया गया। बालिकाए घोड़े पर झाँसी की रानी के रूप में बैठ कर निकली। कार्यक्रम में अभय दास महाराज को पत्रकार चन्द्र शेखर मेहता ने अर्जन सर्जन के विशेष अंक की प्रति भेट की

## मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी से रुबरु हुए शिक्षक

मरुधर विशेष



**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़ः** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा कुशलगढ़ के शिक्षकों ने मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अब्दुल शाहीद शेख़ से रूबरू होकर कुशलगढ़ ब्लॉक के शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करने का लिया आश्वासन।राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा कुशलगढ़ के अध्यक्ष पृथ्वी सिंह पौडवाल एवं नगर संगठन मंत्री संजय जोशी ने बताया कि जिला उपाध्यक्ष भारत कुमार माधविया एवं जिला सभा अध्यक्ष दिगपाल सिंह राठौर के मार्गदर्शन में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कुशलगढ़ से लंबे अंतराल के पश्चात शिक्षकों की समस्याओं के संदर्भ में वार्ता की गई संगठन की रीति नीति के अनुसार प्रत्येक तीन माह में एक बार ब्लॉक शिक्षा अधिकारी से रूबरू होकर शिक्षकों की समस्याओं के समाधान का अनुरोध किया जाता है क्योंकि कुशलगढ़ ब्लॉक में लंबे समय से मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी का पद रिक्त होने से पूर्व में ऐसा ना हो सका लेकिन आज संगठन ने मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी से समय लेकर अपने बिंदुओं पर वार्ता की जिसमें शिक्षक प्रशिक्षण की बकाया मानदेय की राशि का भुगतान की स्थिति जांचने, एस एन ए मद की इस 30 अप्रैल तक यू सी मांगे जाने, 9,18,27 चयनित वेतनमान प्रकरणों का समय पर निस्तारण , वेतन विसंगति की सूचना सभी पीडित शिक्षकों की जिला मुख्यालय को प्रेषित किए जाने, सभी पो ई ई ओ को शिक्षकों के बकाया सेवा अभिलेख संधारित करने हेतु आवेशित करने,निष्ठा प्रशिक्षण की बकाया राशि का भुगतान शिक्षकों को किए जाने, क्षतिग्रस्त एवं टपकाने वाले विद्यालयों की बरसात के पूर्व मरम्मत करवाए जाने, कार्यालय द्वारा सूचनाओं की पुनरावृत्ति न किए जाने, कार्यालय में मंत्रालय कर्मचारियों का लगभग स्टाफ पूर्ण होने की स्थिति में शिक्षकों को गैर शैक्षिक कार्य नहीं करवाए जाने आदि विषयों पर गंभीरता पूर्वक विचार विमर्श किया गया साथ ही अवसर पर कार्यालय में नवनियुक्त अकाउंटेंट कमल सिंह नव पदोन्नत अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी महेश कुमार माधविया तथा पूर्व आर पी दयाराम परमार का व्याख्याता के पद पर पदोन्नति होने पर शिक्षक संघ राष्ट्रीय के शिक्षकों द्वारा ऊपरणा माल्यार्पण एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया तथा मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी महोदय अब्दुल शाहीद शेख़ सा को सपरिवार धार्मिक यात्रा पर जाने की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर धीरजमल पण्दा, अशोक कुमार जोशी, रमेश चंद्र सूरावत, धुले सिंह मईडा, लोकेंद्र गांधी, उरमल डिंडोर मानसिंह डामोर, सुभाष चन्द्र नाहटा, विरेन्द्र सिंह राठौड़, जगजीत सिंह तंवर,दौलसिह डामोर , विनोद कुमार सोनी, सारिका सूरावत, बलवंत सिंह, प्रेमसिंह गणावा, राजेश कुमार घोती, अजीत मईडा, सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे। संचालन नगर संगठन मंत्री संजय जोशी ने किया आभार अध्यक्ष पृथ्वीसिंह पडवाल ने व्यक्त किया ।

## बोन मैरो पेशेंट के लिए 73 वा रक्तदान किया, राकेश जयपाल

मरुधर विशेष



**बहरोड़(धर्मेन्द्र चर्खिया)** जयपुर एसएमएस अस्पताल में भर्ती अनजान मरीज जिनको बोन मैरो ट्रांसप्लांट होना है और पिछले दो महीना से लगातार प्लेटलेट्स और ब्लड की जरूरत पड़ रही है करीब 29 यूनिट ब्लड और प्लेटलेट्स उपलब्ध करवा चुके हैं बहरोड के रक्तदाता रक्तदाता राकेश जयपाल और उनके पूरे साथी टीम वक्त पे वक्त के सदस्य स्वयं के खर्चे से जयपुर पहुंचकर रक्तदान कर रहे हैं सीनियर विशेषज्ञ डॉक्टर श्रीवास्तव और डॉ पूजा बंसाल ने बताया कि ट्रांसप्लांट कैस में पेशेंट की बॉडी की सारी सेल्स को मेडिसिन के माध्यम से खत्म करना होता है और हैवी डोज लगते हैं इसके लिए प्लेटलेट्स कम हो जाती है इसकी वजह से प्लेटलेट्स और ब्लड की ज्यादा जरूरत रहती हैं अब तक 29 यूनिट ब्लड और प्लेटलेट्स लग चुके हैं पेशेंट भारत को और भी आने वाले 10 दिन में जरूरत पड़ेगी रात 3:00 बजे किया रक्तदान बहरोड से राकेश जयपाल, महेश गुर्जर, कुलदीप, अजय बहरोड से जयपुर जाकर प्लेटलेट्स और रक्त उपलब्ध करवाया , रक्तदाता और उनकी टीम पेशेंट से मिले और वादा किया कहा ब्लड और प्लेटलेट्स की कमी नहीं आने देंगे।

## शिवपुरी में बालाजी महाराज का वार्षिक मेला,भंडारे का आयोजन

मरुधर विशेष






**नीमराना ( सुनील मेघवाल)** नीमराना कस्बे के समीपवर्ती गांव दौलतसिंहपुरा की ढ़ाणी शिवपुरी में बुधवार को ग्रामीणों की ओर से बाला जी महाराज का द्वितीय वार्षिक मेला ओर भंडारा आयोजित किया गया।मेले में बड़ी संख्या में प्रातः काल से सांय तक नीमराना, रोड़वाल, सिलारपुर,प्रातपसिंहपुरा, माधोसिंहपुरा व दौलतसिंहपुरा गांव की 12 ढ़ाणियों से बाला जी बाबा के भक्त उमड़े ओर धर्म लाभ उठाया।वार्षिक मेले व भंडारे का रामायण पाठ के साथ यज्ञ हवन और पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बाबा कैलाश नाथ महाराज खरखड़ी महम रोहतक व किन्नर गुरु मधु किन्नर रहे। मेले में अन्य अतिथियो के रूप में भाजपा नेता इंद्र यादव, समाजसेवी अंकित यादव,संजीव यादव, राव धर्मपाल यादव आदि ने भाग लिया।अतिथियों का ग्रामीणों ने फूल मालाएं व साफा पहना कर स्वागत किया।भंडारे में श्रद्धालुओं ने देसी घी निर्मित दाल बाटी चूरमा को पंगत में बैठकर प्रसादी ग्रहण की। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुभाष चन्द्र दौचानिया एण्ड पार्टी के द्वारा बालाजी महाराज की महिमा का गुणगान प्रस्तुत किया गया।मंच संचालन रामपाल कुमावत ने किया। इस धार्मिक अनुष्ठान में उमराव कुमावत, रामदेव,रतन लाल, भोलाराम, फुलचंद, घनश्याम,बिशमबर दयाल, परीक्षित कुमावत, सुनील कुमार, बिजेंद्र बांगवान, कृष्ण कुमार, श्रीराम कुमावत, अमरनाथ, कबूल चन्द्र, विनोद कुमार, सुभाष चन्द्र बंशी राम ,दौलाराम,शिम्भुदयाल, सामाजिक कार्यकर्ता नत्थूराम सैन रोडवाल व मेला कमेटी सदस्य और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## रामपुर जीएसएस में लगी भीषण आग,5 मेगावाट ट्रांसफार्मर जलकर राख, दमकल ने आग पर काबू पाया

मरुधर विशेष





**बानसूर सुरेश कुमार सैनी** बानसूर के रामपुर में बुधवार शाम को जीएसएस के ट्रांसफार्मर में भीषण आग लग गई। आग लगने से आसपास के इलाको में अफरा तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना पर ग्रामीणों की भीड जमा हो गई और टैंकरों से आग पर काबू पाने की कोशिश की गई लेकिन आग पर काबू नहीं पाया गया। आग की लपटे आसमान में उठने लग गई। घटना को लेकर सरपंच मुकेश जिलोवा ने अधिकारियों को सूचना दी सूचना पर दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया गया। 33 केवी लाइन में फॉल्ट होने से ट्रांसफार्मर में आग लगी है। विभाग के लाइनमैन सुभाष यादव ने बताया कि आग लगने से 5 मेगावाट का ट्रांसफार्मर पूरी तरह जलकर राख हो गया। उन्होंने बताया कि आसपास और भी ट्रांसफार्मर लगे हुए थे समय रहते आग पर काबू पा लिया गया अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

मरुधरहिंद 24 न्यूज़ प्राइवेट लिमिटेड के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित,। मो. 9653906665, , (राजस्थान संपादक विशाल यादव 8875020583) ( राजस्थान सहसंपादक सुनील कुमार 98878 77947 ) 7014373732